राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र



web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

### कांग्रेस का जिला मुख्यलयों के समक्ष धरना चार को

रांची : जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार देश की माता एवं बहनों से दिखाती सद्भावना जता रही है। साढ़े नौ सालों तक 400 रूपैये का सिलेंडर 1100 रूपैया तक बेच कर आम लोगों की जिंदगी तबाह करते रहे। जब चुनाव का समय आया तो एलपीजी के सिलेंडरों के दामों में 200 रूपैये की कटौती कर चुनावी लॉलीपोप देने का काम केन्द्र की सरकार कर रही है। झारखड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि इसके विरोध में आगामी 03 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा यह निर्देश दिया गया कि सभी जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव अपने प्रभार के जिला मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन आहूत करेंगे तथा 04 सितंबर को मोदी सरकार के इस राजनीतिक स्टंट को आमजनता के बीच पदार्फाश करने के लिए जिला मुख्यालयों में धरना कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। ज्ञात हो कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है, उन्होंने जनता के जेब को 8,33,640.76 (आठ लाख तैंतीस हजार, छः सौ चालीस करोड़) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी, ने 68,702.76 दो करोड़ ) से अधिक की लूट किए।

**बैठक** इंडिया की समन्वय समिति में झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन शामिल

# बिहार से ललन सिंह और तेजस्वी यादव समिति में

राष्ट्रीय खबर



**रांची** : मुंबई में हुई इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को 13 सदस्यीय समन्वय समिति में शामिल किया गया है। वहीं आरजेडी की ओर से बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और जदयू की ओर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को शामिल किया गया है। गठबंधन के संयोजक का नाम की अभी घोषणा नहीं की गई है।

बैठक के दूसरे दिन 13 सदस्यीय समन्वय समिति का ऐलान किया गया। ये तीनों ही लोग इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल रहे हैं। इसके साथ ही गैर भाजपा दलों का गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक खत्म हो गई। बैठक में इंडिया के संगठनात्मक स्वरूप, जिसमें कोआर्डिनेशन कमेटी, एक सचिवालय, चुनाव प्रबंधन, चुनाव से संबंधित शोध टीम, मीडिया व सोशल मीडिया की टीम गठित करने, राष्ट्रीय एजेंडा के लिए कमेटी, साझा चुनाव प्रचार पर सहमति और ज्वांइट एक्शन शेड्यूल पर विचार किया गया।इस लिस्ट में राज्यों के दो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और हेमंत सोरेन शामिल हैं। इसके अलावा बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का भी नाम है। इंडिया गठबंधन का स्लोगन भी फाइनल हो गया है, जिसका नारा है जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया।

गठबंधन के इस नारे में भारत और इंडिया दोनों ही शामिल हैं। हालांकि अभी तक गठबंधन के संयोजक के नाम पर सहमति नहीं बन सकी है।

चर्चा थी इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे या फिर नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लगेगी। लेकिन अभी तक इस पर सस्पेंस बरकरार है।सीट बंटवारे पर शीघ्र ही अलग- अलग राज्यों में चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही देश के अलग अलग हिस्से में जनसभा आयोजित की जाएगी। ह्लजुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडियाह्व की थीम पर अलग अलग भाषाओं में विपक्षी गठबंधन चुनाव में उतरेगा। मीडिया के लिए एक साझा रणनीति बनाई जाएगी। इससे पहले मुंबई की इस तीसरी बैठक में इंडिया में दो और नये दल जुड़ गए। इनमें एक महाराष्ट्र की पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया और एक अन्य क्षेत्रीय पार्टी शामिल हुई है। 18 जुलाई को बेंगलुरु में हुई बैठक में 26 दलों ने शिरकत की थी। मुंबई में 28 दल के नेता शामिल हुए हैं।विपक्षी गठबंधन इंडिया ने लोकसभा चुनाव-2024 साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, इंडिया गठबंधन में शामिल सभी घटक दलों ने एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का संकल्प लिया है। जहां तक संभव होगा हम सभी लोग एकसाथ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। शुक्रवार को दिन के साढ़े 10 बजे से औपचारिक बैठक शुरू हुई । बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे। इनके अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल हुए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में की चुनावी सभा

## महंगाई मुक्त विकास हमारी प्राथमिकता: राजेश

राष्ट्रीय खबर



**रांची** : डुमरी उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दूसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने डुमरी, इसरी, रंगामाटी, लक्ष्मणटुंडा, कोदआडीह, ठाकुरचक्र, खेतको में जनसंपर्क अभियान एवं चुनावी सभा किया। चुनावी सभा को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महंगाई मुक्त विकास हमारी प्राथमिकता है। आज गांव की महिला, बहने महंगाई से परेशान है। भाजपा और आजसू का यही राजनीत है कि गरीब का बेटा गरीब बना रहे और वो जो उद्योगपतियों का कर्ज माफ करते रहे। आजसू का विचार धारा विकास की नही है।

उन्होंने कहा कि जगरनाथ दा का यह संकल्प ही था कि पारा शिक्षक का समायोजन किया गया। झारखंड अलग राज्य के लिए जो उनका संघर्ष रहा वो बेमिसाल था। उन्होंने कहा कि अभी बहुत सारा भाजपा और आजसू का नेता आयेंगे, झूठ बोलेंगे, बडे-बडे लुभावने वायदे करेंगे और महंगाई बढ़ाकर आपके थाली से निवाला छीन लेंगे। जब चुनाव आता है तब आजसू और भाजपा को आपकी याद आती है। लेकिन स्वर्गीय जगरनाथ महतो का डुमरी की जनता से पारिवारिक संबंध रहा हैं, हर सुख में दुख में आपके साथ खड़े रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि डुमरी विधानसभा में जितने भी सरकारी उत्क्रमित विद्यालय का अपग्रेड हुआ है वह स्वर्गीय जगरनाथ महतो की देन है। स्वर्गीय जगरनाथ महतो जी सदन में इसको लेकर हमेशा आवाज उठाते रहते थे, जिसके परिणाम से आज डुमरी विधानसभा अंतर्गत सभी उत्क्रमित विद्यालयों बेहतर ढंग से चल रहे है, गरीब-अमीर सभी के बच्चे अच्छे से पढाई कर रहे हैं।

## सतीश झा ने डीटी का पदभार किया ग्रहण

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** सतीश झा ने सीएमपीडीआई में निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे एनसीएल-सिंगरौली में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। श्री झा ने 1990 में नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री और 1998 में आईएसएम, धनबाद से इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में एमटेक की डिग्री हासिल की। श्री झा आईआईटी-बीएचयू, वाराणसी से माइन प्लानिंग में पीएचडी भी कर रहे हैं। श्री झा ने वर्ष 1990 में ही अपने सेवा की शुरूआत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से जूनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में की। उन्होंने ज्यादातर कोयला उत्पादन कंपनियों में माइन मैनेजर, महाप्रबंधक (कॉरपोरेट प्लानिंग) से लेकर एरिया महाप्रबंधक के रूप में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड-सिंगरौली और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड-बिलासपुर की विभिन्न खुली खदानों में कार्य किया। श्री झा ने एनसीएल की अमलोहरी परियोजना में ओबी टू एम-सैंड प्लांट की स्थापना और कमीशनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक देश एक चुनाव स्वागत योग्य कदम: राजेंद्र

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा एक देश एक चुनाव का निर्णय होता है तो वाकई यह स्वागत योग्य कदम होगा ।उन्होंने कहा कि यह देश हित में है और इस निर्णय के साथ सभी राजनीतिक दलों को साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय से समय भी बचेगा और आर्थिक बचत भी देश को होगा। प्रसाद कहा कि इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के थोड़ा त्याग से देश को एक बहुत बड़ी आर्थिक लाभ होगा। जिससे गरीबों के हित में पैसे का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा विधानसभा का चुनाव 1952 से 1966 तक आजादी के बाद ऐसा हो चुका है ।ऐसे में इसका विरोध नहीं होना चाहिए।

### हेमंत सोरेन को ईडी ने तीसरी बार भेजा समन

रांची: जमीन घोटाला मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीसरा नोटिस जारी किया है। ईडी ने फिर से 9 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। उधर सीएम हेमंत पहले ही ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे चुके हैं। उन्होंने समन को असंवैधानिक एवं दुर्भावना से प्रेरित बताया था। सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी के समन को दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जिसमें उन्होंने न्याय एवं कानून मंत्रालय और ईडी निदेशालय को प्रतिवादी बनाया है।

## विधायक प्रदीप यादव की याचिका खारिज

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने महिला के यौन शोषण के आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदीप यादव की याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं अधिवक्ता ललित यादव ने पैरवी की। सूचक की ओर से अधिवक्ता गौतम कुमार, विनोद साहू और ने पैरवी की।

**आकलन** डुमरी उपचुनाव में दोनों तरफ की खेमाबंदी तेज हुई

# सुदेश के संगठन की ताकत का एहसास हो रहा

- झामुमो के निशाने पर आजसू प्रमुख
- कोरोना में संगठन मजबूत करते रहे सुदेश
- ओबैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कोरोना काल में जब शेष राजनीतिक दलों की गतिविधियां सीमित थी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो लगातार अपने संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे थे। अब फिर से एक उपचुनाव आने के बाद उस काल के प्रयास का परिणाम राज्य सरकार को दिख रहा है। उन्होंने अपनी नई और ऊर्जावान टीम की मदद से हेमंत सोरेन की सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। यही वजह है कि अब झामुमो ने भाजपा और आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो पर हमला बोला। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लंबे समय से भाजपा में रहे सुदेश महतो के अपने संस्कार हैं, यही कारण है कि वे न केवल एक महिला बेबी देवी बल्कि स्वर्गीय जगरनाथ का भी अपमान कर रहे हैं।

सरकार का हर मंत्रालय महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग दिया। क्या यह कोई विभाग नहीं है? सुदेश महतो कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन एक महिला और जगरनाथ महतो की पत्नी के जरिए शराब बेच रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए कोई इतने निचले स्तर तक कैसे गिर सकता है? जब इसका जनता में विरोध हो रहा है तो ये लोग चुनाव आयोग के पास जा रहे हैं। झामुमो ने चुनाव आयोग से सुदेश महतो को डुमरी में चुनाव प्रचार करने पर रोक लगाने की मांग की है।

भट्टाचार्य ने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो जीवन भर ओबीसी वर्ग, स्थानीय लोगों की शिक्षा, ओबीसी आरक्षण, 1932 खतियान और झारखंडियों की शिक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। जब जगरनाथ महतो का निधन हुआ तो सुदेश महतो उनकी चिता के सामने खड़े हो गये और कहा कि वह जगरनाथ दा के परिवार के साथ खड़े हैं। ये वही सुदेश महतो हैं, जब बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्रित्व काल में ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी से घटाकर 14 फीसदी कर दिया गया था। ये वही सुदेश महतो हैं, जब रघुवर सरकार ने 1985 के आधार पर खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाई थी और उनके नेता चंद्रप्रकाश चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। आज वही सुदेश महतो न सिर्फ स्वर्गीय जगरनाथ महतो के परिवार के खिलाफ उम्मीदवार उतारे, बल्कि उनकी पत्नी और परिवार का भी अपमान कर रहे हैं।

इस दावेदारी के बीच इस उपचुनाव में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगने का मुद्दा भी गरमा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि डुमरी उपचुनाव के लिए एआईएमआईएम उम्मीदवार पर झारखंड के गिरिडीह जिले में पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की सार्वजनिक रैली के दौरान लगाए गए कथित ह्लपाकिस्तान समर्थकह्व नारे के लिए मामला दर्ज किया गया है। गिरिडीह के उपायुक्त (डीसी) नमन प्रियेश लाकड़ा ने बताया कि एआईएमआईएम उम्मीदवार अब्दुल मोबिन रिजवी, कार्यक्रम के आयोजक मुजफ्फर हसन नूरानी और अन्य के खिलाफ डुमरी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद हुई, जिसमें सुना गया कि बुधवार को ओवैसी के भाषण के दौरान दर्शकों में से किसी ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया।यह नारा सही में लगा था अथवा कई अवसरों के जैसा इसे साजिश के तहत प्रसारित किया गया है, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पायी है। फिर भी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का लाभ किस तरह जाता है, यह सभी को पता है।

## पेज एक का शेष

### भाजपा को सीधी .. ..

थीम के साथ हमारी संबंधित संचार और मीडिया रणनीतियों और अभियानों को समन्वयित करने का भी संकल्प लिया।

इससे पहले, अपनी प्रारंभिक टिप्पणी के दौरान, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने ब्लॉक पार्टियों को आगाह किया कि आने वाले दिनों में सरकार की ओर से आने वाले महीनों में और अधिक हमलों, अधिक छापे और गिरफ्तारियों के लिए तैयार रहें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कदम भारत की 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और एक विशेष व्यवसायी के बीच सांठगांठ सबके सामने है। राजद के संरक्षक लालू प्रसाद यादव ने कहा, सभी विपक्षी दल अलग बैठे थे और देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। इससे मोदी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) को फायदा हुआ। आपको याद होगा कि वे झूठ बोलकर सत्ता में आए थे। उन्होंने हममें से कुछ का नाम लेते हुए कहा था कि हमारा पैसा स्विस बैंकों में है और वे काला धन वापस लाएंगे। उन्होंने हममें से प्रत्येक को ?15 लाख देने का वादा किया। यहां तक कि मैं भी इसका दीवाना हो गया, हमारे परिवार में 11 सदस्य हैं। कल्पना कीजिए, अगर हम 11 लोगों में से प्रत्येक को 15 लाख मिलते तो यह एक अच्छी रकम होती। श्री प्रसाद ने कहा, हमें बताया गया है कि इसरो अब सूर्य पर एक अंतरिक्ष यान भेज रहा है। मैं सुझाव दूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की भलाई के लिए सूर्य के पास जाना चाहिए।

ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी गुट ने 13 सदस्यीय समन्वय समिति भी बनाई है। मुंबई में 28 विपक्षी दलों की बैठक मंे एक-राष्ट्र, एक-चुनाव की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए एक पैनल गठित करने के सरकार के कदम की आलोचना की गई है। इससे पहले, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसे नेता भी सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव समय से पहले कराने की संभावना के बारे में बात कर चुके हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि हम निष्पक्ष चुनाव की मांग करते हैं, न कि एक राष्ट्र एक चुनाव की। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव का यह कदम निष्पक्ष चुनाव की हमारी मांग से ध्यान हटाने के लिए लाया जा रहा है। राजनीतिक गर्मी बढ़ने से विपक्षी गुट में तात्कालिकता की भावना पैदा हो गई है, ममता बनर्जी ने इंडिया गुट से 2 अक्टूबर तक अपना घोषणापत्र जारी करने को कहा है और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी दलों से सितंबर के अंत तक साझा समझौते को अंतिम रूप देने के लिए कहा है।

### यूके में कैंसर के इलाज .. ..

है। एक दवा जो रोगी की प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाकर कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर देती है। वर्तमान में फेफड़े, स्तन, यकृत और मूत्राशय सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर वाले एनएचएस रोगियों का इलाज ट्रांसफ्यूजन से किया जाता है। एनएचएस इंग्लैंड को उम्मीद है कि एटेजोलिजुमाब से इलाज शुरू करने के बाद हर साल इंग्लैंड में लगभग 3,600 कैंसर रोगियों का समय बचाने वाले इंजेक्शन से इलाज किया जा सकता है।

### फिर से हिंसा भड़की तो .. ..

उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती दोनों समुदायों के भीतर बड़ी संख्या में मौजूद हथियार हैं। इस संबंध में दोनों समुदायों के अंदर एक जैसी स्थिति है। आज ये दोनों समुदाय एक-दूसरे के बहुत ज्यादा खिलाफ हो गए हैं, यह बहुत ही खराब स्थिति है। इस बीच, आज सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को भोजन, दवा और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है ताकि कोई भी नागरिक बुनियादी मानवीय सुविधाओं के बिना न रहे।

दूसरी ओर, मणिपुर की महिलाओं ने सरकार के खिलाफ लोगों के अवज्ञा आंदोलन शुरू करने का संकल्प लिया है ।चार महीने पुराने मौजूदा संकट का समाधान नहीं करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों की निंदा करते हुए, असम राइफल्स के खिलाफ जन आंदोलन पर समिति ने तत्काल प्रभाव से सरकार के खिलाफ जन अवज्ञा आंदोलन शुरू करने का संकल्प लिया। असम राइफल्स के खिलाफ जन आंदोलन पर समिति के सदस्यों में से एक जेनिफर ने कहा कि मणिपुर पिछले चार महीनों से अशांति का सामना कर रहा है, जिसमें कई कीमती जीवन और संपत्तियां मारे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के लोगों की सुरक्षा के लिए राज्य में केंद्रीय और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है, वे हिंसा को नियंत्रित करने के बजाय उपद्रवियों का समर्थन कर रहे हैं।

### शी जिनपिंग भी शायद .. ..

उनके पास इस समय देने के लिए कुछ भी नहीं है।

उनकी अनुपस्थिति पहली बार होगी जब शी ने सत्ता संभालने के बाद जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया, जिससे चीन की अर्थव्यवस्था धीमी होने के कारण उसके वैश्विक दबदबे पर और अधिक सवाल उठ रहे हैं, लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में उनकी उपस्थिति के साथ विरोधाभास भी पैदा हो रहा है, जहां वह मोदी से मुलाकात की। भारत और चीन हिमालय में सीमा विवाद सहित कई मुद्दों पर आमने-सामने रहते हैं, जबकि भारत एप्पल इंक सहित पश्चिमी कंपनियों द्वारा अपने चीनी परिचालन में विविधता लाने के प्रयासों का प्रमुख लाभार्थी है। चीन के साथ बढ़ते तनाव और अमेरिका और उसके सहयोगियों की कक्षा में करीब आने के लिए मोदी के दबाव के कारण भारत को एक कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है।

### साफ्ट रोबोट ऊतक की .. ..

सकता है कि इसे कब अस्वीकार किया जाना शुरू हो रहा है। दवा की खुराक को बनाए रखने के लिए डिवाइस के आकार को बदलने के लिए एआई का उपयोग करता है और साथ ही निशान ऊतक के निर्माण को बायपास करता है। यह अध्ययन साइंस रोबोटिक्स जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

शोधकताओं ने झिल्ली पर विद्युत प्रतिबाधा और निशान ऊतक गठन को मापा। लगातार दवा की खुराक प्राप्त करने के लिए आवश्यक संख्या और सक्रियता के बल की भविष्यवाणी करने के लिए एक मशीन लर्निंग एल्गोरिदम भी विकसित और तैनात किया गया था। शोध से पता चला कि बल और संख्या को बदलने से डिवाइस को स्थानांतरित करने या आकार बदलने के लिए मजबूर किया गया जिससे डिवाइस को अधिक दवा जारी करने की अनुमति मिली, जिससे निशान ऊतक के निर्माण को बायपास करने में मदद मिली।

### दक्षिण अमेरिकी जंगल से .. ..

(डीसी) तारेक अहमद ने कहा, भारी रकम से संगठित मानव तस्करी गिरोह लंबे समय से कई बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने में मदद कर रहा है। हमने केवल दो को गिरफ्तार किया है। रुहुल अमीन सहित गिरोह के सदस्य पहले ही 100 से अधिक नागरिकों को गुयाना और सूरीनाम ले जा चुके हैं।

देश की राजधानी जॉर्ज टाउन के आव्रजन अधिकारियों ने कथित तौर पर गुयाना में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में 12 से 17 मार्च के बीच 50 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। इसके आधार पर अमेरिकी दूतावास की ओर से रुहुल अमीन, अकलीमा और फहद हुसैन नाम के तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए केस बनाया गया था। जांच में शामिल लोगों ने बताया कि इस गिरोह में आरिफ और सोनेट नाम के दो और लोग शामिल पाए गए। रुहुल अमीन को 10 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। उनके जापान टूर्स एंड ट्रैवल्स कार्यालय से एक हार्ड डिस्क जब्त की गई थी। रुहुल के खिलाफ 2021 में जतराबाड़ी थाने में मानव तस्करी का एक और मामला दर्ज है। शिकायत के संबंध में रूहुल के वकील मोहम्मद ज्वेल ने कहा कि उनका मुवक्किल मानव तस्करी में शामिल नहीं है। उन्होंने किसी भी बांग्लादेशी को संयुक्त राज्य अमेरिका नहीं भेजा। लेकिन लोगों को कानूनी तौर पर गुयाना भेजा।

शहर >> अपडेट

## डॉ कामिल बुल्के की जयंती मनायी गई

रांची: डॉ कामिल बुल्के की जयंती आज मनरेसा हाउस रांची में मनाई गई। डॉ कामिल बुल्के शोध संस्थान, होफमैन ला एसोसियेट, सत्य भारती, कैथोलिक प्रेस, उर्सलाईन कान्वेंट,संत अन्ना कान्वेंट, और नाजरेथ सिस्टर्स रांची के संचालक गणों ने डा कामिल बुल्के की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉ कामिल बुल्के शोध संस्थान के निदेशक डॉ इम्मानुएल बाखला ने अपने उद्बोधन में कहा कि डाक्टर कामिल बुल्के ने भारत देश की सभ्यता संस्कृति इतिहास परंपरा को आत्मसात कर लिया था। तभी तो वे एक मिशनरी फादर होते हुए भी भारतीय भाषाओं के प्रकंड विद्वान के रूप में जाने जाते हैं।रामचरित मानस,संस्कृत हिन्दी साहित्य और हिन्दी अंग्रेजी डिक्सनरी के रचयिता डा कामिल बुल्के को आज विश्व नमन करता है।

समारोह

### बीएयू कुलपति ने किया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ

# छात्राओं को पोषण के प्रति जागरूक करना जरुरी: डॉ ओंकार नाथ सिंह

राष्ट्रीय खबर




रांची: बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह - 2023 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने की। समारोह में अनीता गर्ल्स हाईस्कूल की दसवीं कक्षा की कुल 80 छात्राओं तथा विभाग में अध्ययनरत बीवोक छात्र झ छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर छात्र - छात्राओं ने हम सब का एक नारा, पोषण है अधिकार हमारा, कदम झ कदम बढ़ाये जा कुपोषण को भगाये जा, हम बच्चों ने ठाना है समाज से कुपोषण को दूर भागना है आदि नारे बुलंद किये। पोषण के महत्त्व पर आधारित पोस्टर व बैनर से लोगों को जागरूक किया। समारोह के दौरान सामुदायिक विज्ञान विभाग के बीवोक छात्र झ छात्राओं ने एक माह के न्यूट्री क्लिनिक कैंप में अनीता गर्ल्स हाई स्कूल के सभी 80 छात्राओं का वजन, लम्बाई, बीएमआई, उम्र, दैनिक आहार एवं जीवन शैली, बीमारी से सबंधित जानकारियों के डाटाबेस का संग्रह किया। इस डाटाबेस का बीवोक छात्रों के दल द्वारा स्क्रीनिंग करने के उपरांत आहार एवं जीवन शैली सबंधी सभी छात्राओं का प्रतिवेदन स्कूल को भेजी जाएगी।

कार्यक्रम सफल कार्यान्वयन में अनीता गर्ल्स हाईस्कूल के शिक्षक कन्हाई महतो एवं शिक्षिका अनिमा किओं ने विशेष सहयोग दिया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण सबसे बड़ी समस्या है। राज्य की 70 प्रतिशत महिलाएं एवं बच्चे खुन की कमी (अनीमिया) से पीड़ित है। कुपोषण की वजह से बच्चों में बौनापन एवं शारीरिक विकार देखा जा रहा है। भारत एक युवा राष्ट्र है। आज के बच्चे कल के युवा है, जो भविष्य में भारत का जयगान करेंगे। इसलिए बच्चों एवं युवाओं को पोषण के महत्त्व के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की जरुरत है। देश के भावी पीढ़ी को स्वस्थ्य बनाये रखना देश के सभी नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। कुलपति ने कहा कि आज की बच्चियां, भविष्य की युवती एवं नारी शक्ति है। भावी स्वस्थ भारत के लिए आज की छात्राओं को पोषण के प्रति जागरूक करने की विशेष जरुरत है। कहा कि पोषण की महत्ता को देखते हुए वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिल्लेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने छात्राओं को दैनिक आहार में मडुआ, ज्वार, बाजरा आदि मिल्लेट्स उत्पादों का सेवन करने की सलाह दी।

## न्यूज फटाफट

### अलबर्ट एक्का चौक में जन्माष्टमी समारोह 6 एवं सात को



रांची: श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक मेन रोड में 6 व 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। समिति के संरक्षक संजय सेठ , संयोजक कुणाल आजमानी व पूनम आनंद ने बताया प्रथम दिन 6 सितंबर को संध्या 4:00 बजे से बाहर से आये विशेष कलाकारों द्वारा भावकृष्ण स्तुति ओर भव नृत्य के साथ कार्यक्रम के साथ प्रस्तुति रखी जायेगी। इस अवसर पर श्री कृष्ण के बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।बाल प्रतियोगिता प्रभारी ने बताया कि बच्चों की भागीदारी आ रही है।उन्होंने बताया 2 ग्रुप में प्रतियोगिता का कार्य सम्पन्न होगा।प्रथम ग्रुप में 6 महीने से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चे बच्चियां,एवं द्वितीय ग्रुप में 7 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे, बच्चियां भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में बिजयी बच्चों को प्रथम,द्वितीय ,पुरस्कार के अलावा सभी बच्चो के बीच भी उपहार का वितरण किया जायेगा। पूनम आनंद ने बच्चों के अभिवावकों से समय से आने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आप भगवान के बाल रूप की झांकी के संग आवे ओर आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे।

### डीएसपीएमयू में मनाई गयी फादर कामिल बुल्के की जयंती



रांची : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की ओर से शुक्रवार को फादर कामिल बुल्के की 114वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ चंद्रिका ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि फादर बुल्के समाज के सच्चे सेवक थे, जिन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृति को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया। डॉ जिन्दर सिंह मुंडा ने कहा कि रामचरितमानस के सच्चे अनुसंधानकर्ता फादर कामिल बुल्के भाषा साहित्य के प्रेरक हैं और रहेंगे। डॉ विनोद कुमार ने कहा कि फादर बुल्के को झारखंडी भाषा एवं संस्कृति से बेहद लगाव था। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु कुमार व धन्यवाद ज्ञापन डॉ पीपी महतो ने किया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में कमलेश, अभय, रोहित, पूनम, ज्योति, आराधना व हिंदी विभाग के सभी विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

## आयुष चिकित्सा परिषद को 14 लाख 13 हजार रुपये की स्वीकृति

राष्ट्रीय खबर

रांची : झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद की स्थापना के सृजित पदों का वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यय के लिए 14 लाख 13 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस राशि से वेतन और कार्यालय व्यय पर खर्च किया जायेगा। राशि की निकासी व व्ययन पदाधिकारी झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद के निबंधक होंगे। वहीं राशि के नियंत्रित पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। वहीं जिला चिकित्सा पदाधिकारी एवं मुख्यालय के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यय के लिए 3 करोड़ 8 लाख 56 हजार 500 रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। आवंटित राशि की निकासी व व्ययन पदाधिकारी निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं, संबंधित जिले के सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी होंगे। जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

# श्याम मंदिर में जन्माष्टमी सात सितंबर को मनाया जाएगा

राष्ट्रीय खबर



रांची: श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण का 5248 वा श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में 7 सितंबर गुरुवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भव्यता के साथ मनाया जाएगा । श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने की। बैठक में मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को जन्माष्टमी समारोह का संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री सह संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर को बैलून व विभिन्न फूलों से सजाया जाएगा। सभी गर्भगृहों के बाहर भव्य सजावट की जाएगी। मोनू ने बताया की रात्रि 8:00 बजे से विशेष भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। मंडल के सदस्यों स्थानीय गायको द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया जाएगा।

इस अवसर पर कोलकाता से श्रीमती मोहिनी केडिया विशेष रूप से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पधार रही हैं जो अपने भजनों से खाटू नरेश को रिझाएंगी व भक्तों को भजनों की गंगा में डूबोएंगी । संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि भजनों का कार्यक्रम रात्रि 12:00 बजे तक होगा। जन्मोत्सव आरती रात्रि 12:00 बजे तथा जन्मोत्सव का उत्सव विविध रूप से रात्रि 12:10 बजे से मनाया जाएगा ।इसके बाद सभी भक्तों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण का रूप में सज धज कर आने वाले बाल गोपालो व राधा को इस वर्ष श्री श्याम बाबा का विशेष प्रसाद सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। फूलों की सजावट के लिए दिल्ली एवम कोलकाता से फूल मंगवाये जा रहे हैं । अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की सभी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कार्यकताओं को जिम्मेवारी दी जा रही है। हिनू निवासी विनय प्रसाद द्वारा सभी देवी देवता के लिए नई वस्त्र पोशाक की सेवा निवेदित की जाएगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन प्रात 5:30 बजे मंगला आरती 8:30 श्रृंगार आरती 12:00 भोग आरती रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती रात्रि 8:30 बजे आरती रात्रि 12:00 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। सभी आरती का विशेष महत्व होगा । अंतिम शयन आरती रात्रि 12:30 बजे होगी। अध्यक्ष सुरेश सरावगी व संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों से श्री कृष्ण जन्मोउत्सव में भाग लेने का निवेदन किया है।श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 77 वा श्री श्याम भंडारा शनिवार को सांय 5 बजे से होगा।

### पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज



रांची: शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में एक सितंबर, 2023 को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट-2023 का उद्घाटन मैच एक खिलाड़ी दस अनाड़ी ने रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। उद्घाटन मैच एक खिलाड़ी दस अनाड़ी और पूना हीरा नागपुर तिगरा, रातू के बीच खेला गया। इससे पहले सभी अतिथियों ने शहीद एतवा उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उसके बाद मुख्य अतिथि अवधेश ठाकुर (पुलिस इंस्पेक्टर मांडर), विशिष्ट अतिथि विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी), फिलिप एक्का (मांडर प्रमुख) सोहती एक्ता (मुखिया, बंझिला पंचायत), प्रकाश उरांव (मुखिया, मांडर पंचायत), प्रेमचंद्र एक्का (मुखिया, कंजिया पंचायत) आदि ने खिलाड़ियों से परिचय कर और अवधेश ठाकुर, पुलिस इंस्पेक्टर मांडर ने फुटबॉल को किक कर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। अतिथियों के खेल मैदान पहुंचने पर उत्साहित ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने आयोजकों द्वारा इस शानदार टूनार्मेंट के आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही टूनार्मेंट में हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां के लोग खेल प्रेमी हैं और खेल का आनंद पूरे अनुशासन में रहकर उठाते हैं। शुक्रवार को खेले गए अन्य मैच में जय सरना संघ मुरजुली ने संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर मिशन को ट्राइब्रेकर में 5-4, एमएफए हतिया गोंद कांके ने पूर्वी छोटानागपुर कोयल संगम बारटोली को 1-0, व सनराइज एफसी दलादिली रांची ने वासिम एफसी नावाटांड़ टांगरबसली को ट्राइब्रेकर में 7-6 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इसके अलावा पूना हीरा नागपुर तिगरा रातू ने कड़े संघर्ष में जय सरना संघ मुरजूली को 1-0, एमएफए हतिया गोंदा कांके ने ट्राइब्रेकर में सनराइज एफसी दलादिली रांची को 3-1 और एमएफए हतिया गोंदा कांके ने ट्राइब्रेकर में पूना हीरा तिगरा रातू को 3-1 गोल से शिकस्त देकर अगले चक्र में अपना स्थान पक्का कर लिया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, वाजिद खान (गोरे), तारिक अंसारी, मो. अबदुल, विनोद खलखो, प्रदीप केवट, मो. रशीद, लखो उरांव, इरफान, रकीब, पते उरांव राजासहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। दो सितंबर का उद्घाटन मैच एलकेटी करमटोली लोयो और संत जेवियर्स इंटर कॉलेज मांडर के बीच खेला जाएगा।

# जिला प्रशासन ने शिल्पकारों की ली सुध, राशन और पेंशन सहित सरकारी योजनाओं का दिया लाभ



राष्ट्रीय खबर

रांची : जमशेदपुर के बोड़ाम प्रखंड के अंधारझोर गांव में शिल्पकारों का परिवार रहता है। यहां के ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। यह सूचना सीएम हेमंत सोरेन को मिली। सीएम के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने गांव पहुंचकर विशेष कैंप लगाया और ग्रामीणों से आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और केसीसी से संबंधित आवेदन लिया। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को इन योजनाओं से जोड़ने का काम शुरू कर दिया है।शिविर में आवास योजना के 104, नया राशन कार्ड के लिए 05, राशन कार्ड में सदस्य का नाम जोड़ने संबंधी 02, राशनकार्ड स्थानांतरण का 01, राशन कार्ड में सुधार का 01, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत दिव्यांग पेंशन का 01, वृद्धा पेंशन का 05, निराश्रित पेंशन का 02 आवेदन प्राप्त हुआ है। 25 लोगों ने केसीसी का लाभ लेने के लिए आवेदन किया।सीएम के निर्देश पर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शिल्पकारों से मुलाकात की। उन्होंने उनसे तबला, मांदर, ढोल, मृदंग जैसे वाद्य यंत्रों को बनाने में लगने वाला समय, लागत, निर्माण सामग्री, मार्केट और उनके उत्पाद को मिलने वाले मूल्य की जानकारी ली। अंधारझोर के लोगों ने बताया कि कई पीढ़ियों से उनका गांव शिल्पकला को संरक्षित रखने का काम कर रहा है। लेकिन लागत के अनुपात में मूल्य नहीं मिलने और बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग अपने पारंपरिक पेशे से कटने लगे हैं। डीसी ने शिल्पकारों से जमशेदपुर के साकची मार्केट के पास स्थित खाली जगह पर उनके लिए विश्वकर्मा प्वाइंट बनाने को लेकर चर्चा भी की।

## सावन खत्म होते ही दुकानों पर टूट पड़े मांसाहारी लोग

- शहर में मटन की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं दिखी
- शुक्रवार का दिन खाने वालों से लेकर खिलाने वालों के लिए शुभ रहा

राष्ट्रीय खबर

रांची: रक्षाबंधन के साथ सावन की समाप्ति हो चुकी है। इसी के साथ बहुत लोग मांसाहार की ओर पुनः लौट आए है। शुक्रवार का दिन खाने वालों से लेकर खिलाने वालों के लिए शुभ रहा। मटन, चिकन और मछली हाट में सुबह छह बजे से दिन के एक बजे तक लोगों की भीड़ रही। शहर में मटन की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं दिखी। पूर्व की तरह 700 रुपया प्रति किलोग्राम की दर से बिका। चिकेन और मछली की कीमतों में मामूली बढ़त दिखी। मुर्गा (बॉयलर) 150 रुपया प्रति किलोग्राम और सिर्फ मीट 220 रुपया प्रति किलोग्राम की दर से बिका। दोनों की कीमतों में 20 से 30 रुपया पर प्रति किलोग्राम की उछाल देखने को मिली। देशी मुर्गा 50 रुपये महंगा होकर 400 रुपया प्रति किलो बिका। रेहू मछली 180 से 200 रुपया, कतला 240 से 260 रुपया प्रति किलो तक बिका। दोनों की कीमतों में 20 से 40 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। मीट, मुर्गा की दुकानों में लोगों की लंबी कतार देखने को मिली। भीड़ इतनी थी कि दुकानदारों को आज स्टाफ की संख्या बढ़ानी पड़ी। फार्म मुर्गा 150-200 रुपए प्रतिकिलो तो देसी मुर्गा 400-450 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा है। वही मटन का भाव 700-750 रुपए प्रतिकिलो है। यहां मछली का भाव 200-250 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिका।

मौसम

### इस महीने महज 181.8 एमएम बारिश हुई, जबकि 293.7 एमएम होनी चाहिए थी

# रांची में गर्मी बढ़ी और फिर से सूखे की आहट

राष्ट्रीय खबर



रांची: जिला में इस बार अगस्त महीने में पिछले 10 सालों की तुलना में सबसे सूखा रहा। इस महीने महज 181.8 एमएम बारिश हुई, जबकि 293.7 एमएम होनी चाहिए थी। यानी 38 फीसदी कम। यही हाल पूरे प्रदेश का है। राज्य में अगस्त में औसतन 798.8 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन 37 फीसदी कम कुल 503.9 एमएम बारिश ही हुई। छह जिलों में तो 50 फीसदी से कम बारिश हुई है। जबकि पिछले साल अगस्त में रांची में 456 एमएम बारिश हुई थी, जो सामान्य से 55 फीसदी ज्यादा है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश न होने के मुख्यतः चार कारण रहे। बंगाल की खाड़ी में सिस्टम नहीं बना। एक-दो बार सिस्टम बना तो यह डीप डिप्रेशन में तब्दील हो गया और झारखंड से तेजी से निकल गया। अलनीनो का असर भी बारिश न होने का कारण रहा। वहीं मैडेन जूलियन ऑसीलेशन सबसे कमजोर रहा। टर्फ का असर भी झारखंड में विपरीत पड़ा। कुल मिलाकर राज्यभर में सूखे के हालात बन गए। रांची में 10 साल में बारिशः अगस्त 2023 इतिहास का सबसे सूखा और सबसे गर्म महीना रहा। सामान्य की तुंलना में 36 फीसद कम बारिश हुई।

अगस्त की सामान्य बारिश 254.9 मिमी है, पर इस बार केवल 161.7 मिमी बारिश हुई। नतीजा यह हुआ है कि मानसून सीजन के 3 महीने बीतने पर बारिश सामान्य से 10 फीसद कम है। जुलाई खत्म होने पर सीजन की बारिश 5 फीसद ज्यादा थी। अगस्त में कम बारिश का पिछला रिकॉर्ड 2005 का है। तब सामान्य से 25 फीसद कम बारिश हुई थी। आईएमडी महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र ने बताया, अगस्त इतिहास में मानसून के सबसे अधिक 20 ब्रेक डे वाला महीना भी रहा। 6 से 17 अगस्त के बीच इस महीने का पहला मानसून ब्रेक था, फिर 21 व 22 अगस्त को और तीसरा ब्रेक 26 से 31 अगस्त के बीच गुजरा। इससे पहले 2005 में अगस्त महीने में 16 दिन का मानसून ब्रेक रहा था। 3 सबसे कम बारिश के रिकॉर्ड पिछले 4 के बीच के ही हैं। दूसरी ओर, अगस्त का अधिकतम तापमान 32.09 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक था। मानसूनी महीने में गर्मी की हालत यह रही कि इतिहास के पांच सबसे गर्म अगस्त बीते 15 वर्षों में रहे हैं।

### नो पार्किंग का दंश झेल रहे लोग

रांची: राजधानी के अतिमहत्वपूर्ण लोगों के निवास की पहचान वाली सड़क कांके रोड़ नो पार्किंग का दंश झेल रहा है। आये दिन सड़क पर लगता है जाम। लोग परेशान है इसके बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम जिला प्रशासन की ओर से नहीं उठाया जा रहा है। ज्ञात हो कि राजधानी के उक्त सड़क पर कृषि भवन से लेकर सीएमपीडीआई तक की सड़क के दोनों ओर नो पार्किंग में गाड़ियां खड़ी रहती है। वाहन पार्क करने वाले को आम लोगों की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है। उनको बस अपने काम से मतलब होता है। यह हाल तब है जब कुछ ही दूरी पर ट्रेफिक पुलिस के जवान खड़े रहते हैं।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

### ताइक्वांडो के लिए गुमला से 40 बच्चे हुए रवाना

**गुमला :** झारखंड की राजधानी रांची में आगामी 2 सितंबर से 4 सितंबर तक नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुमला से 40 बच्चे शुक्रवार के शाम 4:00 बजे रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर अध्यक्ष अखिल कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में पूरे देश से प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। पिछली बार प्रतियोगिता में गुमला के खिलाड़ियों ने 9 मेडल प्राप्त किए थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद नारा के मामले में जांच शुरू

**बेरमो :** डुमरी में ओवैसी की सभा में कथित तौर पर लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे को लेकर अब जांच शुरू हो गयी है। गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मामला एक वायरल वीडियो का है, इसलिए पहले जांच-पड़ताल की जा रही है। इधर एआईएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी ने भी एसपी को पत्र लिख कर निष्पक्ष जाँच की माँग की है। आपको बता दें कि बीते दिनों डुमरी में अकटकट सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी की सभा में भाषण के दौरान भीड़ में से किसी ने कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया था और इस मामले को लेकर काफी हंगामा भी मचा है।

### गुमला जिले के अलग-अलग दुर्घटना में दर्जन भर लोग घायल, 7 लोग रिम्स रेफर

**गुमला :** जिला के अलग अलग जगहों पर दर्जन भर से अधिक लोग सड़क दुर्घटना से हुआ गंभीर रूप से घायल।
गुमला,घाघरा, बिशुनपुर बसिया, पालकोट, चैनपुर, रायडीह, में सड़क दुर्घटना से गंभीर रूप से घायल,7 रिम्स रेफर।सभी के सर व पैर पर लगी हुई है गंभीर चोट। रिम्स रेफर में एंबुलेंस 108कि कमी साफ साफ दिखाई दे रहा था। प्राइवेट एंबुलेंस में जाने से 2500देनी होती है। गरीबों, किसानों,मजदुरों, असहाय, लोग ले जाने में सक्षम नहीं।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बीएंडके में 2 सेवानिवृत कर्मियो को दी गई विदाई

**बेरमो :** ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार मे कार्यक्रम आयोजित कर महाप्रबंधक एम के अग्रवाल ने दो सेवानिवृत कर्मियो को शाल ओढ़ाकर मोमेंटो व श्रीफल देकर समानित किया। प्रसाद ने कहा कि विदाई एक प्रक्रिया है जिससे हर किसी को गुजरना है। सेवानिवृत कर्मचारी भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग है। सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने-अपने विचार रखें।इस अवसर पर एएफएम राजीव कुमार, एसओ एक्स यूके पासवान,एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ सुरक्षा सीताराम उडके, कार्मिक प्रबंधक ए के मिश्रा व तौकीर आलम सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि शामिल हुए। वही बीएंडके क्षेत्र के करगली ऑफिसर्स क्लब में समारोह अयोजित कर क्षेत्र के विभिन्न परियोजना से 6 सेवानिवृत कर्मचारियों को अध्यक्षता कर रहे एसओ माइनिंग केडी प्रसाद सहित अधिकारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने सभी सेवानिवृत कर्मियों को शाल ओढ़ाकर मोमेंटो व श्रीफल देकर समानित किया। अपने अनुभवों से सभी को अवगत कराया। सेवानिवृत होने वालों में जीएम यूनिट हेवी टिंडल जमुना, एकेकेओसीपी सीनियर ओवरमेन सुरेश प्रसाद शर्मा, इलेक्ट्रिशियन वाली मोहम्मद, फोरमैन सोमरू, ड्राइवर कोलेश्वर नायक, रीजनल स्टोर ऑफिस सुप्रीडेंट विनय कुमार बैठा शामिल है। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी संजीत कुमार ने की। मौके पर एसओपी राजीव कुमार, एसओपी एस के झा सहित यूनियन प्रतिनिधि में विजय भोई, सुशील सिंह,गणेश प्रसाद महतो, दिलीप मारिक, राजकुमार ठाकुर, सुरेश प्रसाद शर्मा आदि मौजूद थे।

बिजली समस्या

पाकुड़ जिले में बिजली आपूर्ति अत्यंत ही दयनीय है

# 4 सितंबर तक नहीं सुधरी बिजली,तो 5 सितंबर से होगी चक्का जाम : जिलाध्यक्ष



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** पाकुड़ जिला में बिजली आपूर्ति अत्यंत ही दयनीय है। जबकि हमारे झारखंड राज्य की कोयला अन्य राज्यों को बिजली आपूर्ति के लिए भेजा जा रहा है और उन राज्यों की बिजली की आपूर्ति अच्छी है। उक्त बाते आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा। उन्होंने कहा कि पाकुड़ के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष कर बिजली की आपूर्ति की स्थित दैनीय है, आम जनता बीजली की समस्या से परेशान है। बच्चों का पठन-पाठन में भी दिक्कत आ रही है। आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि सांसद एवं ग्रामीण मंत्री सह विधायक ने कभी भी इस विषय को गम्भीरतापूर्वक नहीं लिया ताकि नियमित रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सही ढंग से बिजली आपूर्ति हो सके। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि पाकुड़ जिला में जो मेगावाट बिजली मिलती है उसमें कटौती कर बरहरवा प्रखंड को दिया जाता है। अगर आम जनता की इस समस्या के समाधान हेतु उचित निर्णय नहीं लिया जाता हैं तो विशाल आन्दोलन करने के लिए आजसू पार्टी मजबूर हो जाएगी। सभी मैनेज के खेल में जुटे हैं ।
जनता जनार्दन कोई फिक्र ही नहीं है। अल्पसंख्यकों का वोट लेकर अपने चुनाव की जीत को अस्वस्त करने वाले, और चुनाव के बाद इन्हें नजरअंदाज करेंगे, अल्पसंख्यक इस बार अच्छे से देख और समझ रहे है। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम सहित कार्यकताओं ने मांगपत्र बिजली विभाग के सहायक अभियंता को सौपा और कहा गया कि बिजली सुधारने का समय 4 सितंबर तक का समय देता हूँ। इस बीच यदि बिजली नहीं सुधरी तो 5 सितंबर चक्का जाम होगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि आश्वासन भी मिला कि बिजली की स्थिति ठीक होगी । मौके पर उपस्थित आजसू जिला उपाध्यक्ष मुक्लेसुर रहमान, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष साहेब शेख, बुद्धिजीवी अध्यक्ष समीर बाबू, भवानीपुर मुखिया बादल शेख, इशाकपुर पंचायत अध्यक्ष सोफीकुल शेख, सितापहाडी पंचायत अध्यक्ष अजहरूल शेख, चेंगाडंगा पंचायत अध्यक्ष लालचंद हिरानंदनपुर पंचायत अध्यक्ष सोफीकुल शेख, हेमउल शेख, राजीव हुसैन, जोहरुल शेख, मुशर्रफ पप्पू , मोहमेन शेख एवं सैकड़ों आजसू कार्यक्रता मौजद थे।

## बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर हुई बैठक



**रामगढ़ :** जिला बाल संरक्षण कार्यालय, रामगढ़ में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कर्मियों के बायोमैट्रिक अटेंडेंस की जांच व विगत वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कर्मियों की नियुक्ति हेतु अपनाई गई प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के उपरांत अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक कर्मी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने बाल संरक्षण कार्यालय में सभी रिक्तियों के विरुद्ध नियम अनुसार एवं पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना शाखा सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्व उमाकांत प्रसाद सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि आज



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ः** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातु प्रखंड निवासी स्व उमाकांत प्रसाद सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास राम मंदिर के सामने शनिवार को मनाया जाएगा।इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उनके ही परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। दरअसल इनका निधन 70 वर्ष में दो सितंबर 2020 को हुआ था।इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई।ये चिल्ड्रेन पैराडाइज विद्यालय पतरातु में बतौर प्राधना ध्यापाक पद पर विद्यार्थियों को शिक्षण प्रदान किए थे। इनसे शिक्षण प्राप्त किए कई विद्यार्थी आज कई उच्च उच्च पदों में पदस्थापित है।पतरातु में काफी समय से शिक्षा का अलख जगा रहे थे।इनकी रुचि खेल के प्रति भी थी, यह अपने समय में फुटबॉल के राज्यस्तरीय खिलाड़ी भी रह चुके थे।परिवार में मुख्य रूप से अरुणा देवी,विपिन कुमार सिन्हा ,रमाकांत प्रसाद सिन्हा, डेजी सिन्हा,अरविंद कुमार सिन्हा,सुमित कुमार, सिन्हा,वंश, श्रेयांश सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।

## 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पतरातू सूचना एवं प्रसार मंत्रालय के द्वारा पतरातू प्रखंड मुख्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजित समापन कार्यक्रम में पतरातू एस एस+2 हाई स्कूल एवं कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं भक्ति गीत के साथ जिला से आए हुए सूचना एवं प्रसार विभाग के सांस्कृतिक टीम के द्वारा नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन पतरातू अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे के द्वारा कहा गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य एक नई युग की शुरूआत को चिन्हित करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम से गुमनाम नायकों और शहीदों को याद करना है।




इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान के साथ-साथ प्रधानमंत्री के पंच प्राण पर जनता को जागरूक करके अमृत कल के लिए तैयार करना है। मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम पूरे देश स्तर पर सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
क्षेत्र के पंचायत से मिट्टी प्रखंड मुख्यालय पहुंचाया गया उसके बाद हम लोगों के द्वारा जिला मुख्यालय को दिया गया। उसके बाद वह मिट्टी का कलश प्रदेश होते हुए कर्तव्य पथ के बगल में अमृत वाटिका में जाएगा। पांडे के द्वारा कहा गया कि सूचना एवं प्रसार मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप से देश की आजादी में अपने प्राण निछावर करने वाले वीर जवानों के लिए अर्पित की गई है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया किशोर कुमार महतो एवं उपस्थित शिक्षकों के द्वारा एसएस हाई स्कूल के काजल कुमारी को प्रथम अनु कुमारी गुप्ता को द्वितीय आशुतोष कुमार गुप्ता को तृतीय पुरस्कार तथा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के मनीषा कुमारी को प्रथम अंजली कुमारी को द्वितीय एवं रोशनी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में पुष्पा कुमारी, किरण कुमारी, बॉबी कुमारी, एवं प्रिया कुमारी को दिया गया। मौजूद सभी छात्रों को प्रस्तुति प्रमाण पत्र भी दिया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया किशोर कुमार महतो, प्रमोद कुमार, चितरंजन पटेल, रविंद्र कुमार, नंदकिशोर महतो, अनीता जैन, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के वार्डन मालती कुमारी, रिया कुमारी, होलिका कुमारी, अनु कुमारी, प्रतिभा कुमारी, एमिली राय, प्रिया कुमारी, सुवंती कुमारी, शिवांगी सिंह, करीना कुमारी, एवं एसएस हाई स्कूल एवं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पतरातु के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### 100 सीएफटी से ज्यादा ट्रैक्टर में लोड होने पर होगी कार्रवाई:एसडीपीओ

**पाकुड़ :**जिला अंतर्गत पत्थर खनिज का परिवहन के क्रम में प्रायः यह देखा जा रहा है कि खनिज लदे ट्रैक्टर में 100 सीएफटी का चालान रहता है परन्तु 200-250 सीएफटी चिप्स लोड किया जाता है। ऐसे खनिजों का अवैध परिवहन मामले की रोकथाम हेतु शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित ने उपस्थित सभी क्रशर संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में ट्रैक्टर वाहन में 100 सीएफटी चालान के अनुसार ही चिप्स दिया जाय। यदि 100 सीएफटी से ज्यादा चिप्स छापेमारी के क्रम में पाया जाता है तो ज्यादा से ज्यादा ट्रैक्टर को जप्त करते हुए कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित क्रशर यूनिट को सील करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

# के बी कॉलेज में एकदिवसीय ताईक्वांडो टूनार्मेंट आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** पुर्व निर्धारित समय के अनुसार शुक्रवार 1 सितंबर को के बी कॉलेज बेरमो की मेजबानी मे एकदिवसीय 43ँ इइटङव इंटर कॉलेज ताईक्वांडो टूनार्मेंट प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र जीएम दिनेश कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर सम्मानित अतिथि अंतर्राष्ट्रीय एथलीट सुश्री आशा किरण बारला, प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा एवं संध्याकालीन बी टी पी एस कॉलेज के प्राचार्य प्रो गुप्तेश्वर ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर उद्घघाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गुप्ता ने उद्घाटन समारोह मे कहा कि खेलों मे अनुशासन के महत्त्व पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को न केवल टूनार्मेंट जीतने पर ध्यान केंद्रित करने, बल्कि अपने विरोधियों के प्रति खेल भावना और सम्मान दिखाने के लिऐ भी प्रोत्साहित किए। टुनॉमेंट की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा खेल के माध्यम से प्रतिभाओं की पहचान किया जा रहा है व युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने खेल शुरू होने से पूर्व शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे अपने प्रदर्शन से अपने अपने महाविद्यालय का नाम गौरांवित करेंगे । जबकि प्रो गुप्तेश्वर ने कहा खेल वर्तमान समय मे रोजगारपरक बनती जा रही है। अतः खेल के माध्यम से कैरियर भी बनाया जा सकता है। स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क निवास करती है।सम्मानित अतिथि सुश्री आशा किरण बारला ने कहा हार जीत से कहीं अधिक खेल भावना महत्वपूर्ण है। खिलाड़ी को अपने खेल भावना पर ध्यान केंद्रित करना ही महत्वपूर्ण है। उद्घाटन समारोह मे मंच संचालन का कार्य डा नीला पूर्णिमा तिर्की एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय ने की। ताईक्वांडो टूनार्मेंट पुरुष व महिला वर्ग मे भाग लेने वाले महाविद्यालय के नाम पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद, शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज टुंडी, के बी कॉलेज बेरमो पुरुष वर्ग, के बी कॉलेज बेरमो महिला वर्ग व पुरुष वर्ग ताईक्वांडो टूनार्मेंट में पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज धमबाद चैंपियन बना जबकि महिला वर्ग ताईक्वांडो टूनार्मेंट के बी कॉलेज बेरमो चैंपियन पर जीत दर्ज की।

25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक फ्रांस में रहेंगे ढोरी जीएम एमके अग्रवाल

# एडवांस ग्लोबल टेक्नो मैनेजमेंट प्रोग्राम में होंगे शामिल



राष्ट्रीय खबर

**बेरमोः** ना सिर्फ बेरमो कोयलांचल बल्कि संपूर्ण सीसीएल के लिए गर्व की बात है कि एडवांस ग्लोबल टेक्नो मैनेजमेंट प्रोग्राम हैदराबाद के आशकी में शामिल होने के लिए सीसीएल के एकमात्र अधिकारी ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल का चयन कोल इंडिया की ओर से किया गया था। 21 से 28 अगस्त तक उसे कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अग्रवाल का चयन एडवांस ग्लोबल टेक्नो मैनेजमेंट प्रोग्राम के दूसरे फेज के लिए भी हुआ है। जिसके तहत 25 सितंबर से लेकर 5 अक्टूबर तक फ्रांस में रहकर प्रोग्राम में भाग लेंगे। वहां से ट्रेनिंग लेने के बाद महाप्रबंधक सीसीएल के क्षेत्र को अपनी ट्रेनिंग और अनुभव का विशेष लाभ दे सकेंगे। श्री अग्रवाल फ्रांस प्रवास के दौरान यूरोपीय कंपोनेंट का साढे दिन का प्रोग्राम टीएससीपी बिजनेस स्कूल में आयोजित प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे तथा दो दिन यूनिवर्सिटी आफ मेरीबोर में भाग लेंगे। इसमें भाग लेने वाले को एक्सपेरिमेंट करने के लिए फ्रांस के साथ-साथ स्विट्जरलैंड, जर्मनी ,ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटानिया, इंडस्ट्री विजिट के लिए भेजा जा सकता है। एडवांस ग्लोबल टेक्नो मैनेजमेंट ने भाग लेने के लिए अन्य कंपनियों के भी आठ लोगों का सिलेक्शन हुआ है। उन्हें भी फ्रांस सहित अन्य देशों के दौरे पर भेजा जा सकता है। इसकी सूचना मिलने के बाद एडवांस ग्लोबल टेक्नो मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम आशकी हैदराबाद से लौटने के बाद शुक्रवार को ढोरी जीएम मनोज पर अग्रवाल को जनता मजदूर संघ ढ़ोरी क्षेत्र के पदाधिकारीगण बुके देकर सम्मानित किया और हर्ष व्यक्त किया ।

विकास कार्य

प्रतिनिधि मंडलों के साथ उपायुक्त से मिले सांसद जयंत सिन्हा

# विकास कार्यों को गति देने पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** दिल्ली दौरे से अपने लोकसभा क्षेत्र लौटे सांसद जयंत सिन्हा ने रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अगुआई में शामिल सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्र, नारायण चंद्र भौमिक, रंजीत पांडे, रविंद्र शर्मा, सुमन सिंह, योगेश दांगी एवं जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी पदाधिकारियों के साथ रामगढ़ में उपायुक्त से मिले। सांसद ने रामगढ़ जिले में सांसद फंड एवं डीएमएफटी फंड से करवाए जा रहे विकास कार्यों में देरी पर चिंता व्यक्त की। सांसद मद में भेजे गए राशि का जल्द हो उपयोग। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने एक विज्ञप्ति जारी कर



मीडिया को बताया की उपायुक्त से मिलकर सांसद ने असंतोष जाहिर करते हुए कहा की रामगढ़ जिले में सीधे जनता से जुड़े छोटे छोटे विकास कार्यों हेतु सांसद मद से करीब ढाई करोड़ रुपए जारी किए जाने के बाद भी अनुसंशित मद में न पहुंचना चिंता का विषय है और इसपर ध्यान देने की जरूरत है। गोला डीवीसी चौक पर डीएमएफटी फंड से लगे मास्ट लाइट, गोलंबर का निर्माण। सांसद ने गोला डीवीसी चौक पर बराबर जाम की समस्या के निराकरण का सुझाव देते हुए कहा की वहां गोलंबर बनाकर सड़कों का चौड़ीकरण करते हुए मास्ट लाइट लगाए जाने की जरूरत है जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों को जाम से निजात मिले। डीएमएफटी फंड से जल्द हो सामुदायिक भवन का निर्माण। जिले भर में आमजनों के सामाजिक कार्यों एवं शादी विवाह की जरूरतों को पूरा करने वाले सामुदायिक भवनों के निर्माण और इसके लिए जमीन अधिग्रहण पर तेजी लाने साथ हीं सामुदायिक भवनों पर झारखंड की स्थानीय कलाओं को उकेर कर उसे झारखंडी पहचान देने को प्राथमिकता में रखने पर जोर देते हुए सांसद ने कहा की जब हमारे पर डीएमएफटी फंड में सरप्लस राशि उपलब्ध है तो विकास कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए।
ट्रॉमा सेंटर सहित अन्य सामुदायिक केंद्रों में मेडिकल स्टाफ भर्ती। जयंत सिन्हा ने कहा की आए दिन घाटी में हो रही दुर्घटना में त्वरित इलाज न मिलने की वजह से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी लाने के लिए हमने पटेल चौक पर डीएमएफटी फंड से अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ट्रॉमा सेंटर का निर्माण करवाया साथ हीं स्थानीय जनता की जरूरतों का ख्याल रखते हुए मैने सीटी स्कैन सहित अन्य आधुनिक उपकरणों से सुज्जाजित सदर अस्पताल का निर्माण करवाया पर आज ये भी मेडिकल स्टाफ की भर्ती में सरकार की उदासीन प्रक्रिया का भेट चढ़ चुकी है जो दुखद है और अब तो यहां के स्टाफ न्युक्ति में आने वाली अधचनों को भी समाप्त करने में स्वस्थ मंत्रालय का सारा सहयोग मिल रहा है तो उसकी जल्द न्युक्ति हो जिससे आम जनों के पैसे का उन्हे उचित लाभ मिल सके।

## अनिता गुप्ता को बनाई गई तेली समाज के महिला कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो जिला के चंद्रपुरा के पुर्व प्रमुख अनीता गुप्ता के घर रटारी हीरक रोड आर्या मार्ट में तेली समाज के गणमान्य लोग गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के नेतृत्व में पहुंचकर एक बड़ी जिम्मेवारी देते हुए पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता को प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया और साथ ही तेली समाज के लोग विधायक लंबोदर महतो के नेतृत्व में फूलों की गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। डूंमरी विधानसभा उपचुनाव में पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता से गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतों ने यशोदा देवी के समर्थन में वोट मांगने तथा सहयोग देने की अपील की। वही पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता ने कहा कि तेली समाज का महिला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है मैं इस जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए अंतिम समाज के लोगों को जोड़ने का काम करुंगी और पिछड़े हुए लोगों के लिए जो हमसे बनेगा हम करेंगे।

संपादकीय

# आगे के लिए अभी से जल संचय जरूरी है

मौसम के बदलाव की वजह से यह पहले ही बता दिया गया है कि पूरी दुनिया में गर्मी का प्रकोप और बढ़ने वाला है। हम खुद ही इसके लिए जिम्मेदार हैं। दुनिया भर में इसके कुप्रभाव साफ दिख रहे हैं। भारत में मानसून के बारे में जो सूचनाएं आ रही हैं, वे बहुत उत्साहवर्धक नहीं हैं। भारत के लिए मानसून बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां की वार्षिक वर्षा में मानसून की बारिश का योगदान 70 प्रतिशत है। मानसूनी वर्षा में उल्लेखनीय कमी से न केवल खरीफ फसलों बल्कि रबी फसलों के उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। मालूम हो कि इस साल आठ साल में सबसे कम बारिश होने वाली है। इन दिनों चल रहे सूखे के कारण अगस्त में बारिश का रिकॉर्ड गिर गया है और यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। आंकड़ों के मुताबिक अल नीनो का प्रभाव मजबूत होता जा रहा है और दिसंबर तक इसके जारी रहने की आशंका है। आंकड़ों की बात ना भी करें तो हर कोई इस बदलाव को खुद से महसूस कर रहा है। इस बार जलवायु



परिवर्तन की वजह से वर्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ चुका है और शेष मानसून सत्र के दौरान वर्षा कम होगी। देश के विभिन्न हिस्सों में कम वर्षा के कारण जलाशयों के जलस्तर और नदियों के प्रवाह पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 146 जलाशयों में जल स्तर पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में केवल 79 प्रतिशत है। यह 10 साल के औसत से 6 प्रतिशत कम है। कम बारिश भारत को कई तरह से प्रभावित कर सकती है। हालाँकि हाल के वर्षों में अनाज उत्पादन पर वर्षा का प्रभाव कम हुआ है, यहाँ भी दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध है। साथ ही उत्पादन पर असर एक फसल सीजन तक सीमित नहीं रहेगा। हालाँकि भारतीय मौसम विभाग के अनुमान में कोई आधिकारिक संशोधन नहीं हुआ है, लेकिन अनुमान से कम खाद्यान्न उत्पादन का असर देश की आर्थिक वृद्धि पर भी पड़ेगा। महामारी के दौरान और उसके बाद कृषि क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत मदद की है। कम खाद्यान्न उत्पादन से न केवल समग्र उत्पादन प्रभावित होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर आय के कारण औद्योगिक उत्पादों की मांग भी कम हो जाएगी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े इस सप्ताह जारी किये गये, लेकिन इनके बेहतर रहने की उम्मीद है। हालांकि, कम बारिश का असर अगली तिमाही में देखने को मिल सकता है। कम उत्पादन के कारण उच्च मुद्रास्फीति शहरी क्षेत्रों में औसत परिवार के बजट पर दबाव डालेगी। ऐसे में लोग अपनी इच्छानुसार खर्च कम कर देंगे। इसका असर कितना होगा इसका पता अगले हफ्ते चलेगा जब मानसून की स्थिति साफ हो जाएगी और खाद्य उत्पादन पर इसका पूरा असर स्पष्ट हो जाएगा। सरकार, अपनी ओर से, बाजार में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप कर रही है और खाद्यान्न की घरेलू कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए खाद्य उत्पादों के निर्यात और स्टॉक को लगातार प्रतिबंधित कर रही है। यह प्रक्रिया पिछले साल गेहूं निर्यात प्रतिबंध के साथ शुरू हुई थी। गर्मी के कारण देश के कई हिस्सों में गेहूं का उत्पादन रोक दिया गया है। इस साल सरकार ने दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी और चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। अल नीनो के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने की आशंका है और इससे दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खाद्य उत्पादन प्रभावित होगा। भारत में इन दिनों महंगाई खाद्य पदार्थों की कीमतों के कारण है। इसमें सब्जियों का योगदान अधिक होता है। जुलाई में मुद्रास्फीति 15 महीने के उच्चतम स्तर 7।44 प्रतिशत पर थी। सब्जियों के दाम भले ही कम हो गए हैं, लेकिन अनाज की महंगाई दर दोहरे अंक में है। यदि उत्पादन गिरता है, तो इससे मौद्रिक नीति समिति के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। इसने वर्ष के लिए मुद्रास्फीति दर 5।4 प्रतिशत का अनुमान लगाया। यह सामान्य मानसून की धारणा पर आधारित है। सब्जियों से प्रेरित मुद्रास्फीति कम होने की उम्मीद है लेकिन व्यापक खाद्य मुद्रास्फीति के लिए मौद्रिक नीति कार्रवाई की आवश्यकता है। नीति निमार्ताओं और वित्तीय बाजारों दोनों को अपनी धारणाओं पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। इस सरकारी पहल के साथ साथ कम पानी वाले इलाकों में अभी से ही जलसंचय का इंतजाम किया जना जरूरी है क्योंकि इस साल की गर्मी के मौसम में जो जलसंकट लोगों ने झेला है, कम बारिश की वजह से यह संकट अगले साल और अधिक होगा, यह तय है। अभी से इस दिशा में काम हुआ तो कमसे कम लोगों को पीने का पानी मिल पायेगा। वरना दुनिया में पेय जल कम हो रहा है, यह एक वैज्ञानिक सत्य है और हमें इस खतरे के बारे में पहले से ही वैज्ञानिकों ने आगाह किया है।

# चांद पर पानी की मौजूदगी अंतरिक्ष मिशनों के लिए साबित होगी वरदान

पानी इस जीव-जगत व वनस्पति जगत की प्रथम और मूलभूत आवश्यकता है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है और यही कारण है कि कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' धरती तो धरती आज मनुष्य चांद पर लगातार पानी तलाश रहा है ताकि चांद पर भी भविष्य में पृथ्वी ग्रह की भांति ही जीवन संभव हो सके। हाल फिलहाल, पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-3 मिशन से पहले जब भारत ने चंद्रयान-1 भेजा था, उस समय भारत ने यह जानकारी हासिल कर ली थी कि चांद पर पानी हो सकता है। वास्तव में चंद्रयान मिशन -1 के दौरान चंद्रयान ने चांद पर बर्फ होने की बात कही थी, और उसके बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी इसके आधार पर चांद पर पानी होने की पुष्टि की थी। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा चंद्रयान-1 मिशन को वर्ष 22 अक्टूबर वर्ष 2008 में लांच किया था। वास्तव में,चन्द्रयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वारा चंद्रमा की तरफ कूच करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष यान था। यह एक मानवरहित मिशन था तथा यह 30 अगस्त, 2009 तक सक्रिय रहा था। हाल ही में भारत के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 को उतारकर दुनिया को यह दिखा दिया कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में उसका कोई सानी नहीं है। यह हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत,लग्न व निष्ठा का परिचायक है जिन्होंने बहुत कम लागत में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपने यान को उतार कर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सच तो यह है कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान जगत में एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इतना ही नहीं, भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर जाने को लेकर उत्सुक पूरी दुनिया की अंतरिक्ष एजेंसियों को भी पछाड़ दिया। पाठकों को यह जानना रूचिकर होगा कि चंद्रयान- 3 की कुल लागत लगभग 615 करोड़ रुपये है। इसमें लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल की लागत लगभग 215 करोड़ रुपये है। लॉन्च की लागत 365 करोड़ रुपये होने का अनुमान जताया गया था। जबकि, दुनिया के अन्य चंद्रमिशनों से इसकी तुलना की जाए तो रूसी अंतरिक्ष यान लूना-25 की कीमत लगभग 1,600 करोड़ रुपये है, जो कि भारत के चांद मिशन से कहीं ज्यादा है, बावजूद इसके रूस का मिशन फेल भी हो गया। वर्तमान में भारत दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग की है। यह भी उल्लेखनीय है कि चांद पर उतरने वाला भारत विश्व का चौथा देश है। जानकारी देना चाहूंगा कि इस सूची में अमरीका, चीन और सोवियत संघ शामिल हैं।



सुनील कुमार महला
पत्रकार

अब भारत भी इसमें शामिल हो चुका है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि वैज्ञानिकों की चांद के दक्षिणी ध्रुव में ही इतनी रूचि क्यों है जबकि वहां पहुंचना किसी हरक्यूलियन टास्क से कम नहीं है ? तो इस संबंध में पाठकों को बताना चाहूंगा कि वैज्ञानिक यह बात जानते हैं कि इस क्षेत्र में( चांद के दक्षिणी ध्रुव पर ) बर्फ के रूप में पानी की मौजूदगी है।बीबीसी की एक रिपोर्ट कहती है कि 14 वर्षों से चंद्रमा का परिक्रमा कर रहे नासा के अंतरिक्ष यान लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर की ओर से इकट्ठा किए गए डेटा से पता चलता है कि स्थायी रूप से छाया वाले कुछ बड़े गड्ढों में वॉटर आइस (पानी की बर्फ) मौजूद है, जो संभावित रूप से जीवन को बनाए रख सकती है। यह भी एक तथ्य है कि वैक्यूम के कारण चांद पर पानी ठोस या वाष्प के रूप में मौजूद है।वैज्ञानिकों का यह मानना है कि सूर्य की रेडिएशन से अछूता जमा हुआ पानी लाखों वर्षों से ठंडे ध्रुवीय क्षेत्रों में जमा हो गया होगा, जिससे सतह पर या उसके पास बर्फ जमा हो गई होगी।

वैसे, यह भी एक तथ्य है कि वायुमंडल बनाने के लिए चंद्रमा के पास पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रे डेम में ग्रहीय भूविज्ञान के प्रोफेसर क्लाइव नील कहते हैं कि अभी यह सिद्ध होना बाकी है कि पानी की बर्फ पहुंच में है या खनन करके उस तक पहुंचा जा सकता है, दूसरे शब्दों में क्या वहां पानी के ऐसे भंडार हैं, जिन्हें आर्थिक रूप से निकाला जा सकता है? बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि पानी जीवन के लिए आवश्यक तत्व है?। पानी के अन्य उपयोग भी हैं। उदाहरण के लिए, यह यान के विभिन्न उपकरणों के लिए एक शीतलक के रूप में कार्य कर सकता है और यहां तक ??कि रॉकेट ईंधन भी प्रदान कर सकता है। दरअसल,पानी के अणुओं को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन परमाणुओं में तोड़ा जा सकता है और दोनों का इस्तेमाल रॉकेट दागने के लिए प्रणोदक के रूप में किया जा सकता है। चांद पर उपलब्ध पानी( बर्फ की सिल्लियों के रूप में )मंगल ग्रह पर जाने वाले यानों के काम आ सकता है, क्यों कि चांद को भविष्य में एक अंतरिक्ष अड्डे के रूप में विकसित किया जा सकता है।वैज्ञानिक यह भी मानते हैं कि चंद्रमा पर इतने गहरे गड्ढे भी हैं, जहां अरबों वर्षों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है और इन क्षेत्रों में तापमान आश्चर्यजनक रूप से माइनस 248 डिग्री सेल्सियस (-414 फारेनहाइट) तक गिर जाता है। यहां चंद्रमा की सतह को गर्म करने वाला कोई वातावरण नहीं है। चंद्रमा की इस पूरी तरह अज्ञात दुनिया में किसी भी इंसान ने कदम नहीं रखा है और नासा के मुताबिक, चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव रहस्य, विज्ञान और उत्सुकता से भरा है। हाल फिलहाल चांद पर पानी की मौजूदगी के बारे में विश्व के विकसित देश बहुत ही ज्यादा उत्सुक हैं। आज यूरोप, रूस और अमरीका और चीन की अंतरिक्ष एजेंसियां चांद पर पहुंचना चाहती हैं क्योंकि चांद पर पृथ्वी की भांति एक कॉलोनी बनाने की संभावना दिखती है और आने वाले समय में मंगल पर जाने के लिए भी चांद एक अहम स्थान या स्टेशन के रूप में विकसित हो सकता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1960 के दशक में चांद पर अमरीकी यान अपोलो के उतरने से पहले ही वैज्ञानिकों ने संभावना जाहिर कर दी थी कि चांद पर पानी हो सकता है, लेकिन 1960-70 के दशक में अपोलो अभियान के जरिए चांद से मिट्टी के जो नमूने लाए गए थे, वे सब सूखे थे और उनमें पानी नहीं था। इसके बाद, वर्ष 2008 में ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने उन नमूनों का आधुनिक तकनीक से दुबारा गहन विश्लेषण और अध्ययन किया तो यह पाया गया कि उसमें हाइड्रोजन की मौजूदगी थी। इसके बाद भारत ने वर्ष 2008-09 में चांद पर पानी की मौजूदगी बताई। वर्ष 2009 में नासा ने भी एक अन्य अभियान चांद पर भेजा जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नहीं उतरा, लेकिन उसने ऊपर से तस्वीरें ले लीं और उस अभियान ने चांद की सतह के नीचे बर्फ का पता लगाया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 1998 में नासा का लुनार प्रॉस्पेक्टर भी चांद का चक्कर लगाते हुए दक्षिणी ध्रुव पर छाया में छिपे गड्ढों में बर्फ की जानकारी जुटा चुका था।

# संघर्ष का महत्व

प्रेरक-प्रसंग

एक बार एक किसान परमात्मा से बड़ा नाराज हो गया। कभी बाढ़ आ जाये, कभी सूखा पड़ जाए, कभी धूप बहुत तेज हो जाए तो कभी ओले पड़ जाये। हर बार कुछ ना कुछ कारण से उसकी फसल थोड़ी खराब हो जाये। एक दिन बड़ा तंग आ कर उसने परमात्मा से कहा देखिये प्रभु,आप परमात्मा हैं, लेकिन लगता है आपको खेती बाड़ी की ज्यादा जानकारी नहीं है, एक प्रार्थना है कि एक साल मुझे मौका दीजिये, जैसा मैं चाहूँ वैसा मौसम हो, फिर आप देखना मै कैसे अन्न के भण्डार भर दूंगा। परमात्मा मुस्कुराये और कहा ठीक है, जैसा तुम कहोगे वैसा ही



मौसम दूंगा, मै दखल नहीं करूँगा। अब, किसान ने गेहूं की फसल बोई, जब धूप चाही, तब धूप मिली, जब पानी चाही तब पानी। तेज धूप, ओले, बाढ़, आंधी तो उसने आने ही नहीं दी, समय के साथ फसल बढ़ी और किसान की खुशी भी, क्योंकि ऐसी फसल तो आज तक नहीं हुई थी। किसान ने मन ही मन सोचा अब पता चलेगा परमात्मा को की फसल कैसे करते हैं, बेकार ही इतने बरस हम किसानो को परेशान करते रहे। फसल काटने का समय भी आया, किसान बड़े गर्व से फसल काटने गया, लेकिन जैसे ही फसल काटने लगा ,एकदम से छाती पर हाथ रख कर बैठ गया! गेहूं की एक भी बाली केतब परमात्मा बोले ये तो होना ही था , तुमने पौधों को संघर्ष का जरा सा भी मौका नहीं दिया। .. .. .. जारी।

नजरिया

# क्या भ्रष्टाचार की शिकायत वापिस होनी चाहिए?



अशोक मधुप
बरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश के पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के खिलाफ की गई भ्रष्टाचार की शिकायत को उनके पति आलोक मौर्य ने वापस ले लिया है। सोमवार को कमिश्नर और जांच अधिकारी को पत्र देकर उन्होंने अपनी शिकायत वापस लेने का प्रार्थना पत्र दिया है।प्रश्न यह है कि क्या भ्रष्टाचार की शिकायत वापस ली जा सकती है। शिकायतकर्ता ज्योति मौर्य के पति ने मंडलायुक्त को शिकायत वापस लेने के लिए भले ही प्रार्थना पत्र दे दिया हो , किंतु शिकायत बहुत गंभीर प्रवृति की है।इसकी जांच तो होनी ही चाहिए । बल्कि आयकर विभाग से भी इस शिकायत की जांच कराई जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में सफाई कर्मी के पद पर तैनात आलोक मौर्य ने अपनी एसडीएम पत्नी ज्योति मौर्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उसने अपनी पत्नी ज्योति मोर्या की उस कथित डायरी के 32 पन्नों के फोटोग्राफ भी शिकायत के समर्थन में पेश किया था ,जिसमें लाखों रुपये के लेनदेन का लेखा-जोखा था। बताया जा रहा था कि डायरी में लाखों के लेनदेन का ब्यौरा दर्ज है।

**शासन ने मामले की जांच के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जांच कमेटी ने आठ अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान आलोक से सबूत मांगे थे।**

शासन ने मामले की जांच के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जांच कमेटी ने आठ अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान आलोक से सबूत मांगे थे। आलोक ने 20 दिन का समय मांगा था। पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या उस दिन जांच कमेटी के सामने पेश नहीं हुईं । ज्योति मौर्या केस में आठ अगस्त को सुनवाई पर आए आलोक ने कहा था, 'मैंने ज्योति पर जो भी आरोप लगाए हैं। मुझे उन्हें साबित करने के लिए समय दिया जाए।' कमेटी ने बात सुनने के बाद कहा था, 'आपके पास 20 दिन का समय है। इतने समय में आपने जो भी आरोप लगाए हैं। उनका सबूत पेश करें। इसके बाद जांच कमेटी ने 28 अगस्त को फिर से पेश होने का आदेश दिया था।' जांच समिति ने आलोक को सोमवार 28 अगस्त को आरोप के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाया था। सोमवार को जांच अधिकारी के समक्ष पहुंचे आलोक मौर्य ने कहा कि भ्रष्टाचार का आरोप उसने ही अपनी पत्नी पर लगाया था और इसकी जांच की मांग की थी, लेकिन अब वह अपनी शिकायत को वापस ले रहा है। इसके लिए उसने प्रार्थना पत्र भी दिया है। ज्ञात्वय है आलोक मौर्य की शिकायत पर शासन के आदेश पर कमिश्नर विजय विश्वास पंत की देखरेख में तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर रही थी। आलोक मौर्य और ज्योति मौर्य की शादी 2010 में हुई थी। 2009 में आलोक का चयन पंचायती राज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हुआ था। इसके बाद उन्होंने ज्योति की पढ़ाई करवाई। साल 2015 में ज्योति का चयन एसडीएम पद पर हो गया। लोक सेवा आयोग से महिलाओं में ज्योति की तीसरी रैंक और ऑल ओवर 16वीं रैंक थी। सभी बहुत खुश थे। 2015 में जुड़वां बच्चियां हुईं। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के पति आलोक ने शासन को शिकायती पत्र भेजकर ज्योति पर हर माह पांच से छह लाख रुपये वसूली का आरोप लगाया था। आलोक ने अपनी शिकायत के समर्थन में डायरी के पन्नों की छाया प्रति भी लगाई थी, जिसमें लेन-देन का पूरा हिसाब लिखा जाता था। शिकायत मिलने के बाद शासन ने कमिश्नर विजय विश्वास पंत को जांच सौंपी थी। कमिश्नर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई । इसमें अपर आयुक्त प्रशासन अमृतलाल और दो अन्य सदस्य शामिल हैं।

जानकारी

# खज्जियार



घने चीड़ और देवदार जंगलों से घिरा हुआ एक छोटा सुरम्य तश्तरी-आकार का पठार, दुनिया भर में 160 स्थानों में से एक है जिसे ह्लमिनी स्विटजरलैंडह्व नामित किया गया है। हां, यह खज्जियार है , चम्बा में एक छोटा पर्यटन स्थल जो डलहौजी से लगभग 24 किलोमीटर दूर है और समुद्र तल से 6,500 फीट की ऊंचाई पर है । जिस क्षण कोई सुरम्य खज्जियार में प्रवेश करता है , एक पीला स्विस चिह्न ह्यहाईकिंग पथह्व के लिए जो ह्लमिनी स्विटजरलैंडह्व पढ़ा जाता है स्वागत करता है, ।घने चीड़, देवदार और हरे घास के मैदान की पृष्ठभूमि के सामने खज्जियार पश्चिमी हिमालय के भव्य धौलाधार पर्वत की तलहटी में सुंदर रूप से बसा है। तश्तरी के आकार का खज्जियार आगंतुकों को एक विशाल और लुभावनी परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है।खज्जियार को आधिकारिक तौर पर 7 जुलाई, 1992 को स्विस राजदूत द्वारा नाम दिया गया था और रिकॉर्ड के अनुसार, यहां से एक पत्थर लिया गया था और स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में बनी पत्थर की मूर्तिकला का हिस्सा बनाया गया था।

# भारत के पहले सूर्य मिशन 'आदित्य एल-1' से जुड़ा हर अपडेट

नई दिल्ली:चंद्रयान-3 मिशन की तरह ही आदित्य एल1 मिशन का भी लाइव टेलिकास्ट ऑनलाइन देखा जा सकेगा। इसरो के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल, वेबसाइट और फेसबुक पेज पर इसका लाइव टेलिकास्ट दिखाया जाएगा। गैजेट्स 360 हिंदी के इस पेज पर भी आपको लाइव अपडेट्स मिलेंगे। 'आदित्य-एल1' स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर का सफर करके एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु) पर पहुंचेगा। यह दूरी 4 महीनों यानी करीब 120 दिनों में पूरी होगी। भारत के पहले सौर मिशन 'आदित्य एल1' के लॉन्च की उल्टी गिनती शुरू हुई। इसरो ने 'एक्स' पर शेयर की जानकारी। 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती शुक्रवार दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर शुरू हुई । देश का पहला सूर्य मिशन 'आदित्य' (Aditya L1) शनिवार 2 सितंबर को लॉन्च होने जा रहा है। भारतीय स्पेस एजेंसी 'ISRO' आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट से इसे रवाना करेगी। सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के जरिए आदित्य एल-1 स्पेसक्राफ्ट को मिशन पर भेजा जाएगा। यह भारत का पहला सौर मिशन है, जो पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर एल1 पॉइंट (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु) पर सूर्य को मॉनिटर करेगा। आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग से जुड़ा पल-पल का अपडेट हम आप तक पहुंचाएंगे।



साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



" कैंसर के उपचार वाली अवसंरचना को मजबूत बनाने का सराहनीय प्रयास। इससे देश भर के अनेक लोगों को लाभ होगा।"

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



" मैं शायद पहले कभी आपकी परफॉर्मेंस के लिए खड़ी नहीं हुई, लेकिन आज मैं खड़ी हूं क्योंकि मुझे आपकी परफॉर्मेंस बेहद पसंद आई। आपका जैज़ बैले शानदार था।"

किरण खेर
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## अनपैक्षित आकांक्षाओं का बोझ

विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाओं का दुनिया लोहा मानने लगी है। चंद्रयान-3 की सफलता और आदित्य एल-1 की तैयारी संसार को चकित करने वाली है। उत्साह और उमंग के इस माहौल में भारत को नई दवाओं की खोज का हब बनाने की तैयारी है जो निश्चित रूप से सरकार की चिंता उजागर करती है। ऐसे हालातो में जब भारत दुनिया में सिरमौर बनने की तैयारी में है शैक्षणिक हब कोटा में पढ़ाई में हाई परसेंटाइल की आकांक्षा में दबाव के चलते हमारे युवा प्रतिभावान छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। 2023 का आधे से ज्यादा साल ही बीता है कि वहां 25 छात्र आत्मघात कर चुके हैं। देखा जाए तो देश की बड़ी परीक्षाओं में चयन के लिए पालक बालक दोनों ही बराबर रूप से जिम्मेदार हैं जो पूरी तरह योग्य नहीं होते हुए भी इस तरह की परीक्षा प्रणाली का चयन कर बैठते हैं। जब पढ़ाई और आकांक्षाओं का दबाव छात्रों को तोड़ देता है तो वह आत्महत्या का रास्ता चुनते हैं। हाल ही में दो छात्रों की आत्महत्या के बाद सरकार ने प्रतिबंधात्मक उपाय जरूर किए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम के लिए सतत निगरानी जरूरी है तभी आत्महत्याओं का दौर थमेगा। पालकों को भी संयम के साथ बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### शांतिकुंज हरिद्वार की बहनों ने कैदियों को बांधी राखी

**हजारीबाग :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार हजारीबाग में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गुरुवार को गायत्री परिवार की बहनों द्वारा पुरुष कारावास में जाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया सभी कैदियों को राखी बांधी साथ में परम पूज्य गुरुदेव लिखित पुस्तके उपहार स्वरूप भेट किया साथ में बंदी भाइयों से संकल्प कराया कि एक बुराई का त्याग करेंगे।

## सिटी अपडेट्स >>

### बिरसा मैदान में पहुंचे जयराम महतो

**चरही** :चरही शुक्रवार को चुरचू प्रखंड के चरही बिरसा मैदान में जयराम महतो का आगमन हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष जयराम महतो को सुनने के लिए पहुंचे। इस दौरान जयराम महतो सबसे पहले चरही के श्यामपट्टी में पहुंच कर बाबा भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद वो अपने सैकड़ों समर्थक के साथ चरही स्वर्गीय जयवीर महतो के प्रतिमा पर मलयर्पण किया। जहां मंच से उन्हें सुनने आए सैकड़ों लोगों को उन्होंने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की आज हम झारखंडियों को जागने की जरूरत है। उन्होंने कहा की झारखंड राज्य को अलग करने के लिए हमारे पूर्वजों ने कितनी कुबार्नी दी है। हम झारखंडियों को अपना अधिकार अपना हक समझना होगा। जयराम महतो ने इस बीच राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर भी जम कर निशाना साधा। जयराम महतो ने 1932 खतियान पर आधारित स्थानीय नीति की वकालत करते हुए कहा कि आज सरकार संविधान के जानकारों से राय ले रही है। जयराम महतो ने सभा में उपस्थित सैकड़ो लोगों से कहा कि आगामी 2024 के आम चुनाव तथा विधानसभा चुनाव में वोट की चोट देकर अपने हक अधिकार का परिचय हम झारखंडियों को देना है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हथियार के साथ मोटरसाइकिल सवार को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चरही** : चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में चरही पुलिस ने गुरुवार की शाम गश्ती के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों को कट्टा व जिंदा गोली,मोटरसाइकिल, के साथ गिरफ्तार किया है। युवक सुदामा रजक पिता बलदेव रजक बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोसाई बलिया गांव निवासी समेत अन्य दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था। परंतु पुलिस द्वारा तालाशी लिए जाने के दौरान अन्य दो बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। सहयोगियों के भागे जाने पर गिरफ्तार युवक से कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर बताया कि इनलोगो के द्वारा बाबा गिरोह उर्फ पाण्डेय गिरोह में अवैध रूप से हथियार एवं गिरोह के नाम पर भय दिखा कर पैसा वसुली का काम किया जाता है। पूर्व में ये लोग टायगर ग्रुप में काम करते थे फिर टायगर ग्रुप छोड़ कर ये लोग अपना बाबा उर्फ पाण्डेय गिरोह में रहकर सक्रीय रूप से फोन कर धमकी देने एवं पैसा वसुली करने का काम करते आ रहे थे। एक व्यक्ति की तलाशी के क्रम में उसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिन्दा गोली, तीन एंड्रॉइड सेट मोबाईल एवं एक कीपैड मोबाईल, मोटरसाईकिल होन्डा एस0 पी0 जिसमें रजिस्ट्रेशन नं0 अंकित नहीं एवं अवैध पैसा वसुली से संबंधित कागजात जिसमे वसुली की रकम नाम एवं दिनांक सहित लिखा हुआ है जिसे जप्ती सूची बनाकर जप्त किया एवं उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

संकल्प यात्रा

## संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की तुफानी दौरा

# बाबुलाल मरांडी की सभा को बनायेंगे ऐतिहासिक: मनोज कुमार

- पूर्व विधायक ने पंद्रह पंचायतों में की बैठक
- जनता को समस्याओं से निकालने के लिए भाजपा के विचारों को और मजबूत करना होगा

राष्ट्रीय खबर



**चौपारण:** चौपारण आगामी 4 सितंबर को बरही में प्रस्तावित भाजपा की संकल्प यात्रा को लेकर जिले के सबसे बड़े प्रखंड चौपारण में पार्टी संगठन द्वारा सभी पंचायत में कार्यकताओं तथा आम जनता के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को भाजपा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने पंद्रह पंचायतों में तूफानी दौरा करते हुए कार्यकताओं के साथ आम लोगों का भी मनोबल बढ़ाया।

इस दौरान उन्होंने रामपुर, बसरिया, बेलाही, पड़रिया, करमा, ब्रह्मोरिया, डेबो, सेलहारा, जगदीशपुर, पांडेबारा, बच्छई, सिंघरांवा, गोविंदपुर आदि के पंचायत के पंचायत भवनों में संगठन के सभी नेताओं तथा बुथ स्तरीय कार्यकताओं एवं भाजपा के वोटरों से रूबरू होकर सभी को संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का यह पहला दौरा है।

ऐसे में भाजपा को फिर से झारखंड में सत्ता में लाने तथा जनता को समस्याओं से निकालने के लिए भाजपा के विचारों को और मजबूत करना होगा। ऐसे में बरही में संकल्प यात्रा के दौरान पहुंच रहे बाबूलाल मरांडी के विचारों से आम लोगों को भी अवगत होना चाहिए। संकल्प यात्रा पूरे राज्य के लिए संजीवनी की तरह काम कर रही है। आने वाला समय राज्य में भाजपा की सरकार होगी तथा बाबूलाल मरांडी फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। जिस प्रकार देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व गुरु बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं, उसी प्रकार झारखंड का सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा को सत्ता में लाने के लिए यहां की जनता फिर से तैयार हो गई है। भाजपा को आम जनमानस का समर्थन है। बरही इस बार मिसाल बनेगा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, राजेंद्र चंद्रवंशी, अर्जुन साहु समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अध्यक्ष उमाकांत, सचिव भोला राणा, कोषाध्यक्ष लेखराज

## प्रेस क्लब कटकमसाडी इकाई का चुनाव सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग प्रेस क्लब हजारीबाग प्रखण्ड इकाई कटकमसाडी का चुनाव वैधानिक रूप से शुक्रवार को कटकमसाडी पंचायत भवन परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर उमाकांत शार्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा भोला राणा सचिव, लेखराज यादव कोषाध्यक्ष, संतोष राणा उपाध्यक्ष, उपसचिव शंकरदयाल सिंह,रंजीत शार्मा केंद्रीय सदस्य , कार्यकारिणी सदस्य मिथलेश राणा,मासुम पांडेय, शिवकुमार महतो, विकास कुमार सिंह, रोहित कुमार पाण्डेय, निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया दिनांक 27,28अगस्त से नामांकन फार्म बिक्री के साथ प्रारंभ हुआ था जो शुक्रवार को निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट वितरण के साथ समाप्त हुआ। प्रेस क्लब कटकमसाडी इकाई चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी करवाने के लिए प्रेस क्लब हजारीबाग द्वारा बबलू कुमार एवं अनवर फिदवी को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया था, जिनके सफल प्रयास से शुक्रवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव कार्य को लेकर प्रेस क्लब हजारीबाग से चल कर आए पर्यवेक्षक अनवर फिदवी, बबलू कुमार हजारीबाग से चलकर पहुंचे।

## दस सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पैराडाइस रेसोर्ट में



- मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा राधा कृष्ण का महाअभिषेक
- भक्तिवेदान्त विद्या भवन के द्वारा होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग भक्तिवेदान्त विद्या भवन इस्कोन द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में दस सितंबर रविवार को डाक बंगला कार्मल चौक के पास स्थित पैराडाइस रेसोर्ट में हरे कृष्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दस सितम्बर दिन (रविवार) को दोपहर बारह बजे से रात्रि आठ बजे तक कार्यक्रम होना तय है।दोपहर बारह बजे से नगर संकीर्तन विवेकानन्द स्कूल के पास से प्रारंभ होगा।दोपहर डेढ़ बजे हवन यज्ञ,दोपहर तीन बजे राधा कृष्ण महाअभिषेक,शाम चार बजे से भागवत कथा,शाम पाँच बजे से बच्चों द्वारा आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम,शाम छः बजे से छप्पन भोग/दर्शन आरती एवं कीर्तन ।वहीं महाप्रसाद वितरण शाम सात बजे से प्रारंभ होगा।इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण का महाअभिषेक है। जिसमें सभी भक्तों को अभिषेक करने का अवसर दिया जाएगा तथा सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नाटक, नृत्य, इत्यादि प्रस्तुत किए जाएंगे।प्रमुख आयोजक एंव संचालक श्रीमान श्याम ब्रज विलास दास प्रभु, उतानपाद दास प्रभु, ओमप्रकाश प्रभु, उज्वल प्रभु है। कार्यक्रम में गुरुकुल के 'बच्चों का आगमन हो रहा है। वहीं हजारीबाग जिला के उपायुक्त, जिला प्रशासन, सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधि, सभी धार्मिक संगठन अन्य 'आचार्यगण एवं सभी भक्त जनों से आग्रह है कि आप सभी इस आध्यात्मीक कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना जीवन सफल बनाएँ।

## ज्ञान ज्योति कॉलेज में युवा उत्सव कार्यक्रम कल

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग द्वारा 3 सितंबर को ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में अमृत काल इंडिया @2047 के लिए पंच प्रण पर आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होना तय हुआ है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्रशेखर ने बताया उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के लोकप्रिय व जनप्रिय सांसद जयंत सिन्हा पंच प्रण के माध्यम से युवाओं को करेंगे 2047 के भव्य भारत के लिए प्रतिबद्ध ।

कार्यक्रम में पांच स्पधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिनमें भाषण , सामूहिक नृत्य, काव्य लेखन , मोबाइल फोटोग्राफी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी सुबह 9 बजे कर्यक्रम स्थल पर आकर निबंधन करा सकते है। सामूहिक नृत्य में शास्त्रीय व लोक नृत्य विधावों के प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। वहीं अन्य सभी प्रतियोगिता अमृत काल इंडिया @2047 के लिए पंच प्रण विषय पर आधारित होगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र मेडल व नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही शीर्ष पर रहने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा ।

## अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी। शुक्रवार को चतरा जिला से दो व्यक्ति मादक पदार्थ के साथ जिले में आकर छोटे-छोटे दुकानों और स्कूल के छात्रों को साथ सौदा करने का गुप्त सूचना की जानकारी मिली थी। एक लाल रंग के स्कूटी में दो व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री के लिए दीपूगड्डा चौक की ओर आ रहें है । उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, हजारीबाग के नेतृत्व में कोर्रा थाना प्रभारी अन्य सदस्यों के साथ एक छापामार दल का गठन किया गया । उक्त छापामार दल के द्वारा दीपूगड्डा चौक, शेमरोक स्कूल के समीप चेकिंग लगाया गया । चेकिंग के दौरान एक लाल रंग के प्लेजर स्कूटी सहित दो व्यक्तियों को अवैध हथियार पिस्टल एवं मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया ।

**प्रशिक्षण** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए पहुंचे कृषि विज्ञान केन्द्र

# चार महीने के आवासीय प्रशिक्षण में कृषि के आधुनिक तकनीकों से होंगे वाकिफ

- पढ़ाई के साथ-साथ आधुनिक कृषि के लिए भी उपयोगी हो: डॉ अरविंद

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के कृषि विभाग के 2020-24 बैच के विद्यार्थी 4 महीने के लिए ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) प्रशिक्षण को लेकर हजारीबाग से कृषि विज्ञान केन्द्र नवादा, बिहार पहुंचे। बता दें कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली बनाए गए नियमों के अनुरूप विश्वविद्यालय में संचालित इस कोर्स के तहत यह प्रशिक्षण कृषि पढ़ रहे विश्वविद्यालय के सभी बैच के विद्यार्थियों को कराया जाता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी वर्ष 2022 में किया जा चुका है, जो आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए हितकर साबित होगा। वहीं कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि कृषि की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से वैसी तमाम जानकारियां प्रदान की जाती है, जो पढ़ाई के साथ साथ आधुनिक कृषि के लिए भी उपयोगी हो। कृषि विभाग के विद्यार्थियों के नवादा पहुंचने पर कृषि विज्ञान केन्द्र नवादा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष डॉ रंजन कुमार सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

इस बीच डॉ सिंह ने बताया कि यहां विद्यार्थियों को प्रशिक्षण आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कराया जाता है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि कृषि संकाय में सभी गवर्निंग बॉडी के अनुरूप आईसेक्ट विश्वविद्यालय में पढ़ाई कराई जाती है। कृषि संकाय के प्राध्यापक प्रभात किरण, डॉ सत्य प्रकाश विश्वकर्मा, प्रिया कुमारी व फरहीन सिद्दीकी ने सभी छात्र-छात्राओं को मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी।

## न्यूज फटाफट

### ओबीसी का दुश्मन है बाबुलाल, झारखंड की जनता कभी माफ नही करेगी: रूपेश कुमार



**इचाक :** इचाक आदर्श युवा संगठन के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार ने ओबीसी आरक्षण पर बाबुलाल मरांडी के कार्यकाल में 27% आरक्षण कटौती कर 14% करने पर राज्य की राजनीति वर्चस्व पर कटाक्ष किया है ।रूपेश कुमार ने कहा कि बाबुलाल मरांडी ने ओबीसी समाज के लिए सबसे बड़े दुश्मन नेताओ में साबित हुए है ।उन्ही का कुकृत झारखंड के ओबीसी जनता को नौकरी के लिए झेलना पड़ रहा ।आज वे राज्य में किस मुह से चेहरा दिखा रहे ये समझ से परे है ।ओबीसी समाज के लोग इनको राजनीति रूप से कतहि स्वीकार नही करेंगे ।आज ओबीसी की संख्या पुरे भारत वर्ष में अधिक होने के बाबजूद भी नौकरी के लिए तरस रहे ।जब से मुख्यमंत्री बने तब से आज तक जनता को इनके दुष्परिणाम को देखने मिला ।आगामी 5 सितंबर को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की जनता को अपील करते हुए कहा कि ऐसे नेता को बुरा विधानसभा क्षेत्र के ओबीसी समाज इनके कार्यक्रम को बहिष्कार करने का अपील किये। बाबूलाल मरांडी का नीति ओबीसी की प्रति साफ नहीं है 27 प्रतिशत आरक्षण से 14प्रतिशत किया। आने वाला दिनों में जीरो कर देगा। इतना होते हुए भी ओबीसी के लोग दरी विछाने और कुर्सी लगाने के साथ-साथ जिंदाबाद नारा में बिजी रहते हैं।

### जन्मदिन जरूरतमंदों के बीच मनाना चाहिए: राकेश गुप्ता

**हजारीबाग :** खुद के लिए तो हर कोई जीवन जीता है लेकिन कम ही लोग होते हैं, जो दूसरों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढते हैं। शुक्रवार को राकेश गुप्ता फैंस क्लब ने समाजसेवी राकेश गुप्ता का जन्मदिन सदर अस्पताल एवं ओल्ड एज होम में मनाया। इस दौरान सदर अस्पताल में इलाजरज मरीजों के बीच फल एवं बिस्कुट बांटकर मनाया। वहीं ओल्ड एज होम में निवास कर रहें वृद्धजनों के बीच क्लब के सदस्यों ने फल एवं बिस्कुट बांटकर मनाया। उनकी जन्मदिन पर समाज में अनोखा संदेश दिया। वृद्धजनों की चेहरे पर मुस्कान लाने का भरसक प्रयास किया एवं उनकी खुशियों में शामिल होने की पहल की। इस क्रम में सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों ने दुखदर्द बांटा एवं उनकी परेशानियों से अवगत होकर उत्तम परामर्श देने का कार्य किया। इस मौके पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर कहा कि हर कोई को अपना जन्मदिन जरूरतमंदों के बीच मनना चाहिए। इससे किसी की खुशियों में शरीक हुआ जा सकता है। हर कोई अपना जन्मदिन तो अपनों के संग मनाते है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं। जो अपनी खुशियों को त्याग कर दिए है। अगर हम सभी संयुक्त पहल करेंगे। तो अपना खुशियों में उन्हें भी शामिल करेंगे। मौके पर विशेष रूप से राकेश गुप्ता फैंस क्लब से धनंजय कुमार, सुदेश कुमार, रौशन कुमार, गौतम कुमार, मानसी कुमारी, कृष्णा कुमार दांगी, अमित कुशवाहा, अनुप्रिया कुमारी, प्रिया गुप्ता, बिट्टू कुमार एवं सहदेव कुमार दास सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### चनो बाईपास पुल बना परेशानी का सबब: अमरदीप



**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर प्रखंड स्थित एनएच 33 कनहरी बायपास रोड पुल एवम चानो बायपास पुल के पास पानी जम जाता है और बहुत ही जर्जर रोड है इससे प्रतिदिन इस रोड से राहगीर का आवागमन ज्यादा करते हैं और रोड इतना खराब है की कभी भी दुर्घटना हो सकती है लेकिन एन एच आई इस पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं इसको लेकर आज हजारीबाग के सदर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश प्रसाद मेहता, सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष अरुण यादव, गोपाल शिवांगन संस्थान के अध्यक्ष रामस्वरूप महतो, मुन्ना प्रसाद मेहता दासी के पंचायत समिति सदस्य, समाज सेवी प्रभात महतो, दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार,ने एन एच आई के परियोजना निदेशक पूर्ण चंद्र कहली, एन एच आई के रणविजय सिंह , से सभी ने मुलाकात किया इस संदर्भ में परियोजना निदेशक ने आश्वासन दिया की जल्द ही रोड बन जाएगा इसके लिए सभी ने परियोजना निदेशक को धन्यवाद ज्ञापन किया ।

### मदरसा तहफूजे इस्लाम में शिक्षक पदो पर हुई लिखित परीक्षा



**बरही** : बरही धनबाद रोड स्थित मदरसा तहफूजे इस्लाम में चार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती हेतू झारखंड अधिविद् परिषद रांची के द्वारा गुरुवार को लिखित परीक्षा ली गई। इसमें आलिम का एक पद, मौलवी का एक पद, हाफिज का एक पद एवं मैट्रिक के एक पद शामिल है। आलिम के एक पद के लिए 12 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इसमें जैक द्वारा नियुक्त एक्सपर्ट अब्दुल कुदुस के देख रेख में परीक्षा ली गई। इस पद के लिए 11 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया। वही मौलवी के एक पद के लिए 09 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इसमें परीक्षा केंद्र पर 02 ही परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि परीक्षा करवाने के लिए चार परीक्षार्थियों की शामिल होना अनिवार्य होता है। इस कारण इस पद की परीक्षा नही ली गई। परीक्षा स्थगित की गई। इसके लिए बतौर एक्सपर्ट विष्णुगढ़ नवादा के मो जुबेर आलम को नियुक्त किया गया था। वहीं हाफिज के एक पद के लिए चार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। सभी ने परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा के लिए बतौर एक्सपर्ट केरेडारी के मो अजहर अल्ताफ को लगाया गया। मैट्रिक शिक्षक के एक पद के लिए 10 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। सभी परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे।लेकिन इस परीक्षा के लिए बनाए गए एक्सपर्ट डॉ एसजेड हक उर्दू विभाग परीक्षा केंद्र पर नही पहुंचे। जिसके कारण सभी 10 अभ्यर्थियों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। अभ्यर्थियों को वापस लौटने पर उनमें काफी नाराजगी दिखी। मैट्रिक पद की परीक्षा को स्थगित कर दी गई। मदरसा प्रबंधन समिति के सचिव सेराज अली ने बताया की लिखित परीक्षा 80 अंक रखा गया था। 20 अंक के लिए।

### वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**इचाक :** इचाक जीएम इंटर महाविद्यालय, इचाक में वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार ने किया जिसमें वित्त रहित स्कूल,कॉलेजों एवं शिक्षक कर्मचारियों के मांगों को सरकार से मनवाने तथा मोर्चा के माध्यमिक शिक्षक संघ के संयोजक का चुनाव करने तथा इंटर शिक्षक संघ के संयोजक चुनाव करने हेतु राज्य कार्यकारिणी द्वारा चयनित मुख्य अतिथि सह प्रभारी डॉ. देवनाथ सिंह गणेश महतो एवं शशि शेखर पाठक उपस्थित हुए।

## प्रदेश >> अपडेट

### विद्युत आपूर्ति में अच्छे कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र

**गोड्डा:** विद्युत मुख्य नियंत्रण कक्ष ,देवघर में श्रावणी मेला२३ में विद्युत आपूर्ति में अच्छे कार्य करने के लिए पदाधिकारी एवम कर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित जी.एम. एसी सर द्वारा की जाएगी आप( मेला में प्रतिन्युक्त, एवम देवघर प्रमंडल अंतर्गत कार्यरत स्टाफ, मानव दिवस कर्मी) अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### फुटबॉल मैच में विजेता को नगद पुरस्कार से सम्मानित

**महेशपुर (पाकुड़):** युवा स्पोर्टिंग क्लब घाटचोरा के के ओर से शुक्रवार से पांच दिवसीय गेंदरेज (कपड़ा का फुटबॉल) खेल का आयोजन किया गया। उक्त फुटबॉल खेल में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमों प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां एवं सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम उपस्थित थे। खेल का उद्घाटन मैच कारगिल एफसी बनाम सिदो कान्हू टीम जालुकुंडी के बिच खेला गया। उद्घाटन मैच में कारगिल एफसी टीम ने सिदो कान्हू टीम को एक गोल से पराजित दिया। जानकारी देते हुए कमेटी के सचिव सुभाषटेन टुडू ने बताया कि उक्त फुटबॉल खेल में कुल 32 टीम में भाग लेगी। खेल का फाइनल मैच पांच सितंबर को खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 60 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 50 हजार रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया नरेश मुर्मू, जिला बीस सूत्री सदस्य जेम्स सुशील हेम्ब्रम, प्रकाश बेसरा के अलावा कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**पाकुड़ :**समाहरणालय सभागार स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग, मनरेगा योजना, जमीन से संबंधित व राशन वितरण संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। उपायुक्त ने संबंधित सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। जनता दरबार में सविता कुमारी के द्वारा आंशिक शिक्षिका के पद पर पुन: बहाली करने से संबंधित आवेदन उपायुक्त को सौंपा। उपायुक्त ने मामले की त्वरित संज्ञान लेते हुए हुए सहायक समाहर्ता एवं डीएसओ की टीम गठित कर संबंधित शिकायत पर जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे व्यक्ति जो जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा नहीं पा रहे है। उनके लिए मोबाइल/वाह्टएसएप नंबर 9264231800 जारी किया गया है। लोग अपनी शिकायत पूर्वाह्न 10.00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उक्त नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर भी गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए कटिबद्ध है। अगर शिकायत सही पाए जाते है तो हर हाल में कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मिथ्या शिकायत करने से बचे।मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर चंदन, कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि कांति सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**पासपोर्ट मामला** पासपोर्ट या हथियार का लाईसेंस जारी होने में लालच या प्रभाव

# एक सफेदपोश पर आधा दर्जन मामले पर पासपोर्ट जारी

- खुद मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी लेनी चाहिए
- कटिहार सहरसा में पकड़े जा चुके हैं ऐसे मामले
- एक दागी व्यक्ति के पूरे परिवार को दिया पासपोर्ट




**दीपक नौरंगी**

**भागलपुर:**बिहार पुलिस लालच या प्रभाव में किसी भी सीमा को पार कर सकती है। इसका जीता जागता उदाहरण है कि सहरसा और कटिहार में रहे जिला अधिकारी ने चंद्र रुपयो की लालच में जमकर हथियार के लाइसेंस बांटे। इस मामले को लेकर सहरसा के तत्कालीन जिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। अब भागलपुर में दबंग और दागदर छवि के लोगों को पासपोर्ट दिए जाने के मामले की जांच शुरू हो गई है। इस मामले में पासपोर्ट आवेदन की जांच करने वाले पुलिस पदाधिकारी की गर्दन किसी भी समय फंस सकती है। एक सफेद कॉलर वाले माफिया पर भागलपुर के कोतवाली थाना में भी मामला दर्ज है और जी थाना क्षेत्र का वह रहने वाला है वहां भी आधे दर्जन मामले उसे पर दर्ज है तो उसे पासपोर्ट और हथियार का लाइसेंस कैसे निर्गत कर दिया गया जांच का बड़ा विषय है।

जानकारी के अनुसार यही गलती गया में भी पुलिस पदाधिकारी द्वारा की गई। गया में विवाद से नाता रखने वाले व्यक्ति को भी पासपोर्ट उपलब्ध करा दिया गया था। उसके एक मामले में सात बार पासपोर्ट रिनुअल होने का जिक्र किया गया है और गहराई से जाकर अनुसंधान करता को जांच करने का निर्देश भी दिया गया है। इस मामले में गया के एक वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी अभी जांच के दायरे में है। लगभग 5 वर्ष पूर्व कटिहार के भी एक दम ने कुछ कर्मचारियों की मिली भगत से अपराधी छवि के लोगों को लाइसेंस उपलब्ध करा दिया था। इसमें कुछ वैसे भी लोग शामिल थे जिनका निवास स्थान कटिहार में नहीं था। गलत पता देकर उन लोगों ने लाइसेंस प्राप्त कर लिया था। जब इस मामले की जानकारी राज्य पुलिस मुख्यालय को हुई तो पुलिस मुख्यालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी। जांच शुरू होते ही जल्दीबाजी में कई दागदार लोगों का लाइसेंस रातों-रात रद्द किया गया। इस मामले की जांच भी हुई लेकिन जांच रिपोर्ट पर राज्य सरकार के वरिष् अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। सहरसा के एसपी जब अरविंद पांडे थे तब वहां के डीएम ने कई दागदार छवि के लोगों को हथियार का लाइसेंस उपलब्ध करा दिया था। इस मामले की जानकारी जब तत्कालीन एसपी अरविंद पांडे को मिली तो उन्होंने इस लापरवाही को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करवा दी। इस मामले में आरोप पत्र समर्पित किया जा चुका है और संबंधित पदाधिकारी अपने मुकदमे से बचने की तैयारी में जुटे हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### डीसी ने हरणिडंगा उच्च विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**पाकुड़ :**उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने हरिणडंगा उच्च विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी वास्तव में बच्चों के बीच जिज्ञासा पैदा करने, उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उजागर करने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह छात्रों को एक मंच प्रदान करता है जहाँ वे अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि इस विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से हमारे छात्रों में अधिक रचनात्मकता और जागरूकता बढ़ेगी जो बाद में उन्हें अपने वैज्ञानिक स्वभाव को प्रदर्शित करने में मदद करेगी। उन्होंने छात्रों को बताया कि आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने हरिणडंगा उच्च विद्यालय में करियर काउंसलिंग लगाने का निर्देश दिया। करियर काउंसलिग से छात्रों को मिलेगा मार्गदर्शन। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, प्रधानाचार्य समेत अन्य उपस्थित थे।

### अवैध कोयला चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान में 10 क्विंटल कोयला जप्त

**महेशपुर (पाकुड़):** महेशपुर थाना प्रभारी आनंद पंडित ने शुक्रवार को जेएसआइ मुकुल भगत के साथ अवैध कोयला के खिलाफ हरीशपुर गांव के पास छापेमारी अभियान चलाकर चार बाइक समेत 10 क्विंटल कोयला को जब्त किया है। जब्त कोयला व बाइक को महेशपुर थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध कोयला के खिलाफ हरीशपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने चार बाइक समेत 10 क्विंटल कोयला को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही कोयला ले जाने वाले लोग बाइक छोड़कर भाग निकले। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध कोयला के खिलाफ आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगी।

---

गला रेट कर हत्या मामले में मृतका के परिजनों ने कराया मामला दर्ज

# पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**राष्ट्रीय खबर**

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र के चिलगांव माझीटोला में बुधवार देर रात पति द्वारा पत्नी लखी सोरेन का धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिए जाने के मामले को लेकर। बीते कल देर शाम मृतक के भाई सह वादी बरन सोरेन ने नामजद आरोपित बहनोई राजीम हेम्ब्रम के खिलाफ उसके बहन का हत्या कर देने के आरोप में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया है।

**आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

हत्या करने के बाद नामजद फरार आरोपित पति राजीम हेम्ब्रम ने को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। थाना आनंद पंडित ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद राजीम हेम्ब्रम फरार था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर एसआइ मुकुल भगत, शैलेंद्र नायक एवं पुलिस बल के साथ शहरग्राम के पास छापेमारी कर उसे दबोच लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्यारे के निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त किए गए चाकू एवं दाव को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद हत्यारा का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पाकुड़ जेल भेज दिया गया।

---

# कुड़ुख एल्बम करम देखे आबे का... की शूटिंग का एक दृश्य सिकवार टोंगरी में हुई संपन्न







**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** गुमला जिला के घाघरा प्रखंड अंतर्गत मनोरम वादियां सीकवार टोंगरी में कुड़ूख एल्बम करम देखे आबे का... की शूटिंग की गई। एल्बम के डायरेक्टर निर्मल कुमार गिरी ने बताया कि सिकवार के अलावा गुमला जिले के कई अन्य बेहतर लोकेशन पर एल्बम की शूटिंग की गई है और निश्चित रूप से यह लोगों को काफी पसंद आएगी। मौके पर नायक सुशील असुर, नायिका करीना कुमारी, कैमरामैन मुनम माइकल, दिनेश भगत सहित अन्य लोग मौजूद थे। डायरेक्टर ने बताया कि जल्द ही एल्बम की शूटिंग पूरी कर ली जाएगी और एल्बम को रिलीज किया जाएगा। मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने एल्बम रिलीज होने पर बधाई दी है।

---

मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु दर को कम करने में योगदान सराहनीय

# जीवंती, सुशांति, प्रिया में टीम को गढ़ने की कुशलता









**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** गुमला जिला सहिया कार्यक्रम में आज अपने उत्कृष्ट कार्यो से ये तीनों जीवंती, सुशांति, प्रिया किसी पहचान की मोहताज नहीं है। जीवंती कुमारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर की ग्रामीण बीटीटी के रूप में कार्यरत हैं। वहीं सुशांतिधारी किंडो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिशुनपुर और प्रिया केरकेट्टा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो में ग्रामीण बीटीटी के रूप में अपनी सेवा दे रही है। तीनों अपने मेहनत, लगन, ईमानदारी और सेवाभाव से सहिया बहनों को नियमित रूप से प्रशिक्षण और सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करके उनके कार्यों में गुणात्मक सुधार किया है।

बीटीटी जीवंती , सुशांति, प्रिया द्वारा अपने अपने सहिया बहनों को नवजात शिशु का घर में देखभाल (एचबीएनसी), छोटे बच्चों का घर में देखभाल (एचबीवाईसी), प्रसव पूर्व देखभाल, शिशुओं का टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), जननी एवं शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), पीएलए, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, फाइलेरिया, एनसीडी आदि कार्यक्रमों की जानकारी आवासीय प्रशिक्षण, कलस्टर में प्रशिक्षण देकर उनके कार्यक्षेत्र में जाकर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करके उनके कार्यों में गुणात्मक सुधार लाने का कार्य निरंतर करते रहते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर में ग्रामीण बीटीटी के रूप में कार्यरत जीवंती कुमारी ने बताया कि मेरे अंदर 123 सहिया बहनें कार्यरत हैं। इनमें से अधिकांश सहिया कम पढ़े-लिखे और सुदूर जंगली क्षेत्र में रहते हैं। जिससे काम करने में कठिनाई होती है। मगर मैं इसे चुनौतीपूर्ण मानते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से कभी पीछे नहीं भागती हूं। जिसका परिणाम है कि आज बहुत सी सहिया बहनों ने अपने अपने गांवों में माता और शिशु को मिलने वाली सभी तरह की सेवा पहुंचाने में कामयाब हो रही है।

---

हेमन्त सोरेन के संभावित तिथि 04 सितंबर 2023 के आगमन को लेकर

# उपायुक्त के अंतर्गत हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डा:** उपायुक्त महोदय ,गोड्डा श्री जिशान कमर के द्वारा गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के कुशमाहा पंचायत अंतर्गत डमरुहाट फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महोदय,गोड्डा के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के संभावित तिथि 4 सितंबर 2023 के आगमन कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि संभावित तिथि 4 सितंबर 2023 को सुंदरपहाड़ी प्रखंड के डमरुहाट फुटबॉल मैदान पहुंचेंगे, जहां माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमन्त सोरेन के द्वारा विकास मेला का उद्घाटन, नियुक्ति-पत्र का वितरण, योजनाओं का शिलान्यास समेत परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महोदय ,गोड्डा के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध सुविधाओ का जायजा लेते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल, लोगों के बैठने की व्यवस्था, स्टेज, ग्रीन रूम, डी एरिया, मीडिया सेल, शिलापट्ट, फायर सेफ्टी, यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महोदय के द्वारा कार्यक्रम स्थल के समीप पार्किंग व्यवस्था, बिजली ,पेयजल एवं शौचालय के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए, साथ ही साथ गेस्ट हाउस स्थल का भी निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के दौरान उनके इस्तेमाल के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

---

**संकल्प यात्रा** भारतीय जनता पार्टी पलामू की बैठक

# बाबूलाल के संकल्प यात्रा को सफल बनाने का निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**



**हुसैनाबाद पलामू:** भारतीय जनता पार्टी पलामू की बैठक शुक्रवार को होटल रिद्धी सिद्धि जपला में आयोजित की गई। बैठक झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन हुसैनाबाद नगर महामंत्री श्रावण अग्रवाल ने किया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी सांसद पलामू विष्णु दयाल राम मौजूद रहे। सांसद पलामू विष्णू दयाल राम ने कहा की उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में राज्य में अराजकता का माहौल है। राज्य में दिन- प्रतिदिन महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। राज्य में आधारभूत संरचना का काम रूक गया है। बिजली, पानी को लेकर राज्य में हाहाकार मचा हुआ है। वही बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद आगमन एवं उनके संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा के कार्यकताओं में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जोर सोर जूट जाएं। वहीं बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी तैयारी में जुट गई है।प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक में कार्यकताओं के साथ बैठक किए जा रहे हैं।

बुथ स्तर के कार्यकताओं को कार्यक्रम में लाने की तैयारी है सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने में मंडल में बैठक कर कार्यक्रम में आने वालों की सूची बना ले। जगह-जगह पर मरांडी जी का स्वागत किया जाएगा एवं हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में एक विशाल जनसभा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संबोधित किया जाएगा। बैठक को प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा रविंद्र कुमार सिंह कर्नल संजय सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन हुसैनाबाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप से जिला मंत्री संतोष सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह रामेश्वर राम ईश्वरी पांडे बल्लू बलराम नीरज सिंह उमेश चंद्र शिव नरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह अखिलेश मेहता रंजीत पासवान अरुण मिश्रा उदयनाथ विश्वकर्मा अंशु मिश्रा बीरबल यादव दशरथ यादव छोटू सिंह अमित कुमार लल्लू साउथ प्रदीप कुमार सिंह मुकेश सिंह राजेंद्र साहू शैलेश सिंह संतोष कुमार यादव कुंदन विश्वकर्मा ललन यादव मधुसूदन पाठक शशि कुमार धनंजय चौधरी प्रयाग शाह सुशील कुमार सिंह राजेश कारण राजीव सिंह सोनू कुमार सिंह रामेश्वर राम संतोष कुमार सुनील कुमार कपिल देव राम धनंजय कुमार जितेंद्र पासवान एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में जन शिकायत सेल

# जिले की जन शिकायतों का किया जा रहा है त्वरित और सकारात्मक समाधान

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के जिले में आने के पश्चात जिले के जन शिकायतों के त्वरित समधन हेतु एक जन शिकायत सेल का गठन किया गया है । जिसमें जन शिकायत निवारण दिवस ( जनता दरबार ) से प्राप्त आवेदन , सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान हो एवं जनता को बार बार किसी भी सरकारी कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए उक्त सेल का गठन किया गया। जन शिकायत सेल के मॉनिटरिंग टीम जिले भर से प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्पादन हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उनका निस्पादन अविलंब कराने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में 28 अगस्त 2023 को घाघरा प्रखंड अंतर्गत चपका ग्राम में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से उपायुक्त को ट्विटर के माध्यम से एक व्यक्ति ने अवगत कराया। जिसे उपायुक्त ने अपने संज्ञान में लेते हुए जन शिकायत सेल के टीम के माध्यम से 2 दिनों के अंदर उक्त समस्या का समाधान किया। जन शिकायत सेल की टीम ने अविलंब बिजली विभाग से संबंध स्थापित किया एवं अगले 2 दिनों के अंदर चपका ग्राम में बिजली विभाग द्वारा ट्रांफोर्मर लगाते हुए उक्त समस्या का समाधान किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा इस प्रकार के सभी जन शिकायतों जो किसी भी माध्यम से उनके समक्ष आएं हो उनका निवारण त्वरित रूप से कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## शहर >> अपडेट

### विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने लगाया जनता दरबार

पेटरवार : पेटरवार गोमिया विधायक के आवासीय कार्यालय पेटरवार में शुक्रवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो की ओर से जनता दरबार का आयोजन किया गया। विधायक की ओर से आयोजित जनता दरबार में गोमिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कसमार, पेटरवार ओर गोमिया प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवो से आये ग्रामीणों ने अपनी- अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखते हुए समाधान करने की मांग की। विधायक के इस जनता दरबार में पहुंचे लोगो ने पेयजल, पीसीसी पथ, बिजली, शेड निर्माण, सिंचाई कूप सहित अन्य समस्याओं को विधायक के समक्ष रखते हुए समाधान करने की मांग की। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात करते हुए कई समस्याओं का निदान ऑन स्पॉट किया। विधायक ने दरबार में आये ग्रामीणों से कहा आपकी समस्याओं का हल किया जाएगा इसमें चिंता करने की जरूरत नही है।

## सिटी अपडेट्स >>

### अलगडीहा निवासी तालेवर दास ने की आत्महत्या

जयनगर : प्रखंड के धनबाद गया रेल खंड के बीच यदुदीह रेलवे स्टेशन गोहाल पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप पोल संख्या 370/23 अप लाइन में दिन शुक्रवार को सुबह साढ़े चार बजे एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी। मृतक की पहचान अलगडीहा निवासी तालेवर दास उर्फ बुटु दास (पिता मुंशी दास पोस्ट मकतपुर थाना जयनगर) के रूप में की गई। बताते चलें कि यह व्यक्ति कई दिनों से परिवारिक तंगी से परेशान था। यहां तक की यह व्यक्ति मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया था और अंत में इन्होंने रेलवे लाइन में ट्रेन से कट कर खुदखुशी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। तत्पश्चात मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आसनसोल वाराणसी 45 दिनों तक रद्द, विधायक ने परिचालन शुरू करने की मांग की

जयनगर : बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र लिखा है कि ट्रेन संख्या 13553 वाराणसी मेमू एक्सप्रेस का परिचालन आसनसोल से वाराणसी तक तथा ट्रेन संख्या 13554 आसनसोल मेमू एक्सप्रेस का परिचालन वाराणसी से आसनसोल तक प्रतिदिन किया जाता है। जिससे झारखंड, बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश राज्य के हजारों यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। जिसे तकनीकी कारणों से अगले 45 दोनों के लिए रद्द कर दिया है। इससे इस मार्ग के छोटे बड़े स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्री प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि रेल यार्ड आदि निर्माण कार्य वाराणसी के आसपास किया जा रहा है। इस दृष्टि से इस रेल गाड़ियों का परिचालन गया तक सुगमता के साथ किया जा सकता है। आसनसोल से गया तक परिचालन होने से हजारों यात्रियों को लाभ होगा साथ ही राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि व्यापक लोक हित में ट्रेन संख्या 135 53 तथा 135 54 का परिचालन आसनसोल से गया तथा गया से आसनसोल तक प्रतिदिन करने का समुचित आदेश दिया जाय।

**जनसंपर्क** राज्य सरकार खान खनिज बालू पत्थर जमीन की लूट मचाई हुए हैं

# मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान के लिए संकल्पित: अन्नपूर्णा

- रघुवर सरकार ने गांव-गांव तक बिजली पहुंचाई
- राज्य में पिछले 9 वर्षों में पांच मेडिकल कॉलेज बने



राष्ट्रीय खबर

जयनगरः प्रखंड के परसाबाद मंडल के गडगी पंचायत, कटिया पंचायत, घरौंजा पंचायत, खरीयोडीह पंचायत, तिलोकरी पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज मोदी सरकार गांव गरीब किसान के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री आवास, जनधन खाता, शौचालय रसोई गैस, आयुष्मान योजना, किसान निधि में प्रतिवर्ष 6 हजार भेजना जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारा। राज्य में पिछले 9 वर्षों में पांच मेडिकल कॉलेज बने। देवघर में एम्स अस्पताल बना, हवाई अड्डा बना। उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव को विकास से जोड़ा उनकी सरकार ने ग्रामसेतु योजना चला कर नदी नालों पर पुल का जाल बिछाया। रघुवर सरकार ने गांव-गांव तक बिजली पहुंचाई। यह भी कहा कि राज्य सरकार खान खनिज बालू पत्थर जमीन की लूट मचाई हुए हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नीतीश चंद्रवंशी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र भाई मोदी, विधायक प्रतिनिधि राम जी यादव, सांसद प्रतिनिधि विजय पंडित, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि कविता कुमारी, जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, उप मुखिया चंदन मोदी, मीणा साव, विनोद यादव, रामचंद्र मोदी, महेश रजक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डॉ. कुंदन राज ने सहियाओं के साथ की समीक्षात्मक बैठक



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में शुक्रवार को डॉ कुंदन राज की अध्यक्षता में सहियाओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी । बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी ने गत बैठक की समीक्षा करते हुए टीकाकरण, परिवार नियोजन, संस्थागत प्रसव आदि की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रसव पूर्व जांच सबंधित जानकारी लेते हुए संस्थागत प्रसव की स्थिति संतोषजनक नही मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीएम तपेश्वर सिंह, फार्माधिष्ट देवेन्द्र प्रसाद, बिटीटी संजय महतो, छत्रधारी महतो, रमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

## स्वामी कैलाश प्रसाद शिव का 38वां समाधि महापर्व मना



राष्ट्रीय खबर

मरकच्चो:प्रखंड के मध्य पंचायत के लाल नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में संत श्री श्री 108 श्री स्वामी कैलाश प्रसाद शिव का 38वां वार्षिक समाधि महापर्व मनाया गया। इस अवसर पर बाबा की समाधि पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों एवं उनके अनुयायियों की भीड़ उमड़ पड़ी। विधि विधान से श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर समाधि पर चादर चढ़ाया मत्था टेका व मन्नतें मांगी। चादर पोशी, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम 11 बजे दिन से देर शाम तक अनवरत चलता रहा। संत श्री श्री 108 श्री स्वामी कैलाश प्रसाद शिव लंगटा बाबा खरडीहा एवं परमहंस बाबा डोमचांच के परम शिष्य थे। जानकारी के अनुसार संत स्वामी कैलाश प्रसाद शिव ने 1 सितंबर 1985 के दिन अपना शरीर त्याग कर समाधि ली थी।कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरी शंकर प्रसाद, मुकुल चंद्र प्रसाद, धरणीधर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता निरंजन कुमार सिन्हा, सत्य नारायण प्रसाद सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, रंजीत कुमार सिन्हा, जयमंगल प्रसाद, गुंजित कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार सिन्हा, शिशिर कुमार सिन्हा, जुगनू कुमार सिन्हा, अंकित कुमार सिन्हा, आशुतोष कुमार, उदय कुमार सिन्हा, उज्वल कुमार सिन्हा, प्रिंशु कुमारसिन्हा, केशव प्रसाद सिन्हा, सोनु वर्णवाल, राहुल वर्णवाल, नारायण सिंह, चन्द्रदेव सिंह, राहुल मोदी, सतेंद्र स्वर्णकार, सुभाष मोदी समेत कई भक्त लगे थे।

## पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों का समीकरण के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में मतदान केंद्रों, अद्यतन स्थिति, मतदान केंद्रों में सुविधाओं के साथ साथ मतदान केंद्रों के स्थान परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप अपने स्तर से अगले दो दिनों में मतदान केन्द्र से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने स्तर पर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। हाउस टू हाउस सर्वे का बीएलओ एप्प में अपलोड करें। पन्ना सत्यापन करने का निर्देश सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुई उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा** :आमजनों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में सरकारी लाभ दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ देने, राशनकार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने, मनरेगा योजना के कार्य में अनियमितता, जमीन विवाद समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित कर कहा कि सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

**ज्ञापन** बिना रसीद का 70-80 तक लिया जा रहा है मासुल, न्यूनतम 10 अधिकतम 30रू है दर

# उप विकास आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**कुडूः** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने उप विकास आयुक्त लोहरदगा को कुडू बाजार समिति के द्वारा अवैध वसूली को लेकर ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन पर स्पष्ट कहा गया कि जब कृषि उत्पादन शुल्क नहीं लेना है तो जिला परिषद के नाम पर सड़को पर सब्जी गाड़ियों से किस चीज का हुगाही किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र से बाहर के एवं दूसरे जिलों के सब्जी गाड़ियां जो कुडू से होकर गुजरती है। उससे भी 200से 500 वसूली किया जा रहा है उसे भी अभिलंब रोक लगाने का मांग किया। जब रविवार एवं बृहस्पतिवार बाजार का टेंडर हुआ है तो अन्य दिन प्रखंड क्षेत्र से निकलने वाली सब्जि गाड़ियो से जिला परिषद के नाम पर अवैध वसूली क्यों किया जा रहा है इस पर भी रोक लगाने का मांग किया वहीं बरवाटोली एंव चेटर मोड जो लातेहार जिला पड़ता है वहां भी कुडू बाजार समिति सब्जी गाड़ियों से पैसा वसूली करती है उसे भी अभिलंब रोक लगाने का मांग किया गया।

कुडू बाजार पर न्यूनतम 10 अधिकतम 30 रसीद के साथ लेना है। तो बिना रसीद का 70-80 तक लिया जा रहा है एवं छोटे किसान जो अपने उत्पाद टोकरियों में लेकर आते हैं उनसे भी पैसा लिया जा रहा है जिसे अभिलंब रोक लगाने का मांग उप विकास आयुक्त लोहरदगा से किया गया। ज्ञापन पर कहा गया कि इन सभी मुद्दों पर विधि संवत करवाए नहीं होती है तो भाजपा युवा मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

## न्यूज फटाफट

### भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन



**कुडू** : कुडू प्रखंड में भाई-बहन के पावन प्रेम का प्रतिक का खूबसूरत पर्व रक्षा बंधन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बहनो ने अपने-अपने भाइयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र ( राखी ) बांधकर भाईयों की लंबी उम्र की कामना के साथ अनुष्ठान पूरा किया तो वहीं भाईयों ने भी अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार भेंट किया। इस दौरान भाईयों बहनों ने एक दूसरे के प्रति प्रेम और कर्तव्य का पालन और रक्षा का दायित्व लेते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। पंडित अनूप देव पौराणिक ने बताया कि इस साल भाई और बहन दोनों के लिए रक्षाबंधन बेहद शुभ संयोग रहा। कई वर्षों बाद गुरुवार के दिन में आया रक्षा बंधन का त्योहार कई मायनों में खास रहा।

### अविराम कॉलेज में मनाया बारहवां स्थापना दिवस



**कुडू:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुडू, लोहरदगा में बारहवां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया जिसके उपरांत उन्होंने पौधारोपण किया और कहा कि पौधारोपण के द्वारा अविराम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील है। और उच्च शिक्षा में अविराम निरंतर अग्रसर है जबकि यह क्षेत्र पिछड़ा और आदिवासी बहुल क्षेत्र है यहां के प्रशिक्षु विश्विद्यालय और जैक में टॉप करते हैं। अविराम आज शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ फामेर्सी, नर्सिंग, पैरामेडिकल आदि पाठ्यक्रम आदि का संचालन किया जा रहा है। और जल्दी ही स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य भी प्रारंभ किया जायेगा जिससे विश्व स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाए प्रदान की जा सके।

### सदर अस्पताल के समीप एनएच का अतिक्रमण



**कोडरमा :** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के समक्ष राष्ट्रीय उच्च पथ के बगल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़क से सटाकर होर्डिंग लगाया जा रहा है। इससे सड़क हादसों के बढ़ने की संभावना हो गयी है। उक्त एनएच31 सड़क का अतिक्रमण कर होर्डिंग लगने से कभी सड़क हादसा हो सकता है। इस वजह से वाहनों को लगाने में परेशानी तो हो रही है, वही पैदल चलने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। बड़े वाहनों के आवागमन और सड़क व सदर अस्पताल की चहारदीवारी के बीच कम जगह बचने के कारण सड़क दुर्घटना हो सकती है। इस बाबत जब सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार से बात की गयी तो उनका कहना था कि सड़क के किनारे ऑटो खड़ा कर दिया जाता है, इसी कारण प्रचार प्रसार से सम्बंधित होर्डिंग लगाया जा रहा है। इधर जिस जगह पर विभाग होर्डिंग लगा रहा है, वह एनएच का है, पर बिना विभाग की अनुमति लिए ही उक्त कार्य किया जा रहा है।

### गणपति पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुनील सिंह, महासचिव सरोज सोनी



**जयनगर :** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में तूफान क्लब के सभागार में बैठक की अध्यक्षता अर्जुन राम ने किया। इसमें सार्वजनिक गणपति पूजा समिति का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष पवन सिंह, अनिल पांडेय, महासचिव सरोज सोनी, सचिव सनी साव, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, संयोजक कैलाश प्रसाद, अंकेक्षक उमेश मोदी, संरक्षक रामावतार सिंह का चयन किया। बैठक में 19 सितंबर से शुरू हो रहे गणपति पूजा को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा किया। मौके पर सतीश चंद्र मालाकार, अशोक स्वर्णकार, राजेंद्र सिंह, राकेश साव, नीलकंठ सोनी, सूरज देव सिंह, रोहित सिंह, मुकेश सोनी, अनिल सिंह, वीरेंद्र चौहान, बाल गोविंद रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।

### पंचखेरो जलाशय में 100 टन मछली उत्पादन का है लक्ष्य

मरकच्चो: मत्स्य विभाग कोडरमा के निर्देशन में पंचखेरो जलाशय के लाभुकों को जीवकोपार्जन को लेकर मछली पालन करने के लिए केज में मत्स्य बीज दिया गया है। लाभुकों के द्वारा मछली पालन किए जा रहे मत्स्य पालको के कार्यो का जायजा लेने शुक्रवार को मरकच्चो के वर्तमान प्रखण्ड प्रमुख विजय कुमार सिंह पहुंचे। लाभुकों के द्वारा किए जा रहे तकनीक के द्वारा मछली पालन के कार्यो की जानकारी ली और गतिविधि को देखने के लिए केज का निरीक्षण भी किया। केज मत्स्य पालकों के कार्यो को देख काफी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केज लाभुकों के द्वारा कड़ी मेहनत कर मछली पालन किया जा रहा है जो इन विस्थापितों का जीवकोपार्जन का मुख्य साधन हो गया है। अब मरकच्चो प्रखंड के पंचखेरो जलाशय से भी एक माह बाद मछली का निर्यात दूसरे राज्यों और जिलों में भी किया जायगा। इस मौके पर पंचखेरो जलाशय के केज मत्स्य पालक, सिकंदर कुमार,उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### भारतीय हॉकी टीम में झारखंड की तीन बेटियां



**रांची :** 19वें एशियन गेम्स के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा हुई। इस टीम में झारखंड के भी तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी का चयन किया गया है। तीनों ही खिलाड़ी भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। बैंगलौर में हॉकी इंडिया ने विशेष कार्यक्रम आयोजित कर समस्त पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के परिजनों की उपस्थिति में टीम की घोषणा की गई। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के सभी खिलाड़ियों का बैंगलोर में स्वागत किया गया।इस मौके पर भोलानाथ सिंह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बनाने में सबसे बड़ा योगदान, समर्पण और त्याग उनके अभिभावकों का होता है,परंतु उनका सम्मान अपवाद में ही होता है। इसलिए हॉकी इंडिया ने शुरूआत की है कि खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सम्मान मिले। इसलिए हमलोगों ने इस बड़े अवसर पर खिलाड़ियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया है।बता दें कि19वें एशियन गेम्स का आयोजन 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन हांगझू में किया जाएगा। 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल निक्की प्रधान खूंटी जिला के हेसल की रहने वाली, सलीमा टेटे सदर प्रखंड के बरकिछापर की रहने वाली है जबकि संगीता कुमारी केरसई प्रखंड के करगागुड्डी की रहने वाली हैं।

### 7.99 मी की छलांग के साथ मुरली श्रीशंकर ज्यूरिख डायमंड लीग के फाइनल में



**ज्यूरिख :** भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। जमैका के ताजय गेल ने दूसरा स्थान हासिल करने के लिए 8.06 मीटर की छलांग लगाई। जारियन लॉसन ने 7.86 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर कब्ज़ा किया।

### तुर्की का भारोत्तोलक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी

**जिनेवा :** अर्मेनिया में इस साल की यूरोपीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 81 किग्रा में रजत पदक हासिल करने वाले तुर्की के बटुहान युकसेल को प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड ऑक्सीमिथोलोन के सेवन का दोषी माना गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह निष्कर्ष तुर्की की भारोत्तोलक टीम की पेरिस 2024 की ओलंपिक यात्रा को खतरे में डाल सकता है। यह तीन महीने में तीसरी घटना है जब एक तुर्की भारोत्तोलक को डोपिंग उल्लंघन का सामना करना पड़ा है। तुर्की के अलावा कजाकिस्तान, यूक्रेन और तुर्कमेनिस्तान अन्य देश हैं जिनके भारोत्तोलक पिछले एक साल में डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाये गये हैं। युकसेल (23) का 28 जुलाई को आईटीए द्वारा एक गैर-प्रतिस्पर्धा परीक्षण किया गया था। अप्रैल में, आईटीए ने खुलासा किया कि दो तुर्की एथलीट, हकन कुर्नाज़ और पेलिनसु बायव ने स्टेरॉयड मेथैस्टरोन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था।

**उपलब्धि** ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को

# ज्यूरिख डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने हासिल किया दूसरा स्थान

▶▶ चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया







एजेंसियां

**ज्यूरिख :** ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ ज्यूरिख डायमंड लीग चैंपियनशिप 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। इस परिणाम के साथ ही 2023 सीज़न में नीरज चोपड़ा का लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया।

ज्यूरिख प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले, भारतीय भाला फेंक एथलीट ने दोहा और लुसाने में डायमंड लीग चरण में जीत हासिल की थी। इसके अलावा उन्होंने बुडापेस्ट में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में 80.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की, लेकिन उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया। पहले राउंड में एडिस माटुसेविसियस के अलावा कोई अन्य भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से अधिक दूरी तय नहीं कर सका, जिन्होंने 81.62 मीटर का थ्रो करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जैकब वाडलेच के अलावा वेबर जूलियन का भी पहला थ्रो फाउल रहा।

हालांकि, दूसरे प्रयास में वेबर जूलियन (84.75 मीटर) ने शानदार वापसी की और पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा जैकब वाडलेच (83.46 मीटर) और ओलिवर हेलांडर (81.63 मीटर) ने भी बेहतरीन वापसी की।

तीन प्रयासों के बाद नीरज चोपड़ा 80.79 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे जबकि वेबर जूलियन पहले और जैकब वाडलेच दूसरे स्थान पर रहे। पांचवें प्रयास में फाउल करने से पहले, नीरज चोपड़ा ने चौथे राउंड में ज्यूरिख मीट का सर्वश्रेष्ठ थ्रो (85.22 मीटर) करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। जैकब वाडलेच ने चौथे प्रयास में किए गए 85.86 मीटर की थ्रो की बदौलत पहला स्थान हासिल किया। डायमंड लीग सीरीज के प्रत्येक चरण में प्रतिस्पर्धा के लिए एथलीटों को पदक के बजाय अंक दिए जाते हैं। सभी चरणों के अंत में प्रत्येक स्पर्धा में शीर्ष छह एथलीट सितंबर में यूजीन में डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा ने पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी।

## खेल जगत अपडेट्स »

### रोहन बोपन्ना-अल्डिला सुत्जियादी की जोड़ी यूएस ओपन के दूसरे दौर में



**न्यूयार्क :** भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशियाई की अल्डिला सुत्जियादी की मिश्रित जोड़ी ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2023 में अपने शुरुआती राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया। रोहन बोपन्ना और अल्डिला सुत्जियादी की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने न्यूयॉर्क के यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में जर्मनी के एंड्रियास मिज़ और रूसी खिलाड़ी वेरा ज्वोनारेवा पर 7-5, 6-2 से जीत दर्ज कर दूसरे राउंड में प्रवेश किए। हले सेट में करीबी मुक़ाबला खेलने के बाद बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने निर्णायक ब्रेक प्वाइंट जीत कर पहले सेट को अपने नाम कर लिया। दूससे सेट में भारतीय-इंडोनेशियाई जोड़ी ने 3-0 की बढ़त के साथ दूसरे सेट की शुरुआत की। इस सेट में भी बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा और 67 मिनट तक चले मैच को सीधे सेटों से जीत कर प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गए। रोहन बोपन्ना ने 2018 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अल्डिला सुत्जियादी के साथ पहली बार जोड़ी बनाई है। 28 वर्षीय अल्दिला ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैथ्यू ऐबडेन ने भी गुरुवार को पुरुष युगल के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शुक्रवार को दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन और एंड्री गोलुबेव की रूसी-कजाख जोड़ी से मुक़ाबला होगा। यूएस ओपन पुरुष युगल ड्रॉ में, भारत के युकी भांबरी और उनके ब्राजीलियाई साथी मार्सेलो डेमोलिनर को पहले राउंड में नौवीं वरीयता प्राप्त पोलिश जोड़ी जान ज़लिंस्की और 'ूगो निस से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत के साकेत माइनेनी और उनके रूसी साथी असलान करातसेव को भी पुरुष युगल के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा था ।

## हर पाकिस्तानी गेंदबाज के खिलाफ भारत को बनानी होगी विशेष योजना : हेडन

एजेंसियां



**मुबंई :** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों को पड़ोसी मुल्क के हर गेंदबाज के साथ विशेष योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा। स्टार स्पोर्टस के गेम प्लान कार्यक्रम में हेडन ने कहा '' भारत पाकिस्तान की खतरनाक तिकड़ी शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह के खिलाफ खेलने उतरेगा। मैं आपको बता सकता हूं कि यह सबसे मसालेदार मुकाबलों में से एक होने वाला है। तीन अलग-अलग तरह के और अनोखे गेंदबाजों के लिए टीम इंडिया को अनोखी योजना की जरूरत है। यहां कैंडी की परिस्थितियों में काफी उछाल है, इसलिए आपको विशेष रूप से हारिस रऊफ से बेहद सतर्क रहना होगा। शाहीन की उस गेंद को हम कभी नहीं भूलेंगे जो उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को फेंकी थी, इसलिए शाहीन अफरीदी के खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। विशेषकर पहले तीन ओवर भारतीय बल्लेबाजी की दिशा तय करेंगे।'' उन्होने कहा '' मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज नसीम जैसे खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक खेल में सफल हो सकते हैं। उसे दबाव में रखें, ऐसा महसूस करें कि आप खेल में सबसे आगे हैं। हालाँकि, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि टीम इंडिया ही जीतेगी। मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी में गहरायी और उत्तम दर्जे की बल्लेबाजी लाइनअप है।'' इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने कहा '' विराट कोहली पाकिस्तान के प्रत्येक गेंदबाज के खिलाफ विशेष रणनीति अपनाएंगे। पिछली बार जब ये दोनों देश खेले थे, तो विराट एक विशेष पारी लेकर आए थे और हारिस रऊफ के खिलाफ खेला गया वह शॉट लंबे समय तक क्रिकेट प्रेमियों की यादों में रहेगा।

## मिडिलसेक्स के लिए खेलेंगे जयंत यादव

एजेंसियां



**लंदन :** भारत के फिरकी गेंदबाज जयंत यादव मिडिलसेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप के आख़िरी चार मैचों का हिस्सा होंगे। जयंत (33) ने भारत के लिए छह टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है और 29 की औसत से 16 विकेट चटकाये हैं। उन्होंने अपना आख़िरी टेस्ट मैच श्रीलंका के ख़िलाफ़ मार्च 2022 में खेला था। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी प्रदर्शन 4/49 है, जो उन्होंने दिसंबर 2021 में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ मुंबई में किया था। उनका सर्वश्रेष्ठ 2016-17 के इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान आया था, जहां उन्होंने दिल्ली टेस्ट में नौवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करते हुए शतक जड़ा था और कप्तान विराट कोहली के साथ 241 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की थी। जयंत ने कहा, '' मैं मिडिलसेक्स जैसी ऐतिहासिक और सम्मानित काउंटी टीम के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पिछले साल भी मैंने काउंटी क्रिकेट का लुत्फ़ उठाया था और अब इस नई पारी के लिए भी उत्साहित हूं।'' ग़ौरतलब है कि पिछले साल जयंत वॉरविकशायर के लिए खेले थे। हरियाणा की तरफ़ से खेलने वाले जयंत के नाम प्रथम श्रेणी मैचों में 205 विकेट दर्ज हैं।

## अमृता प्रीतम का किरदार निभाना चाहती हैं रसिका दुग्गल



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री रसिका दुग्गल सिल्वर स्कीन पर कवियत्री-लेखिका अमृता प्रीतम का किरदार निभाना चाहती है। रसिका दुग्गल ने कहा, मेरे ख्याल से अमृता प्रीतम का लेखन एक ही सांस में रोमांस और क्रांति की बात करता है। उनके शब्दों में एक उदासी है, एक चाहत है, एक जुनून है, एक शांत गुस्सा है, एक सवाल है और एक कल्पना है जो कभी भी अपने बारे में सचेत नहीं होती है और इसलिए दिल में घर कर जाती है। मैं उनकी कविता से बहुत प्रभावित हुयी हूं और उनकी जीवनियों से बहुत प्रभावित से भी। यहां एक महिला है जिसने अपनी शर्तों पर जीवन जिया- अपने जोश और जुनून को स्वीकार किया और निडर होकर उनका पालन-पोषण किया। यदि उनके बारे में कोई फिल्म बनी तो उन्हें चित्रित करने का अवसर मिलना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा होगा। रसिका दुग्गल दिल्ली क्राइम के तीसरे सीजन में नीति सिंह के रूप में दिखाई देगी। इसके अलावा, वह मिर्जापुर की बहुप्रतीक्षित तीसरे सीक्वल में बीना त्रिपाठी के रूप में लौटने के लिए तैयार हैं। वह लिटिल थॉमस, लॉर्ड कर्जन मेंशन, स्पाइक, फेयरी फोक और कुछ अन्य प्रोजेक्ट्स में भी दिखाई देंगी।

# इंडियाज गॉट टैलेंट में 'आवारा क्रू' के सदस्यों की परफार्मेंस से प्रभावित हुयी शिल्पा शेट्टी-किरण खेर

एजेंसियां





**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और किरण खेर इंडियाज़ गॉट टैलेंट में 'आवारा क्रू' के सदस्यों की परफार्मेंस से प्रभावित हो गयी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का टैलेंट रियलिटी शो, 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट', जिंदगी के अलग-अलग जगहों से आए हुनरमंद लोगों के बेमिसाल एक्ट्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। आगामी एपिसोड का मुख्य आकर्षण दिल्ली से आया आवारा क्रू, होगा ,जो 'पहली बार है' गाने पर अपनी मनमोहक परफॉर्मेंस से मंच पर धूम मचा देंगा। पहली बार, उनके पिता, जो शायद अब तक उनकी लगन और टैलेंट से अनजान थे, इस प्रतिष्ठित मंच पर उनका समर्थन करने के लिए मौजूद होंगे। आवारा क्रू की परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, भावुक शिल्पा शेट्टी कुंद्रा क्रू में मौजूद सदस्यों के पिताओं से कहती हैं, आपने हमको दिया आवारा, इस मंच ने इनको सवारा। आप सभी पिता आज यह साबित करने आए हैं कि आप असल में आवारा क्रू के लिए लकी चार्म हैं।उन्होंने कंटेंस्टेंट्स को से कहा, ह्यआप सभी अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं, और मुझे लगता है कि यह पहली बार है जब आपने इतनी खुशी के साथ परफॉर्म किया है। आपको इस नए अवतार में देखकर हर कोई उत्साहित महसूस कर रहा है। जज किरण खेर ने कहा, मैं शायद पहले कभी आपकी परफॉर्मेंस के लिए खड़ी नहीं हुई, लेकिन आज मैं खड़ी हूं क्योंकि मुझे आपकी परफॉर्मेंस बेहद पसंद आई। आपका जैज़ बैले शानदार था। आजकल लोग कम डांस करते हैं, लेकिन आपका एक्ट देखने के बाद मैं बेहद खुश हूं। बहुत अच्छा किया, और मेरी ओर से आपके पिताओं का मेरा हार्दिक स्वागत है। चिंता मत करो; समय के साथ सबकुछ बदल जाता है। वे काम करेंगे, डांस करेंगे और सबकुछ अच्छा करेंगे। इंडियाज़ गॉट टैलेंट इस शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## प्राची देसाई का नया गाना लफ्ज़ भीगे हैं रिलीज़



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई का नया गाना लफ्ज़ भीगे हैं रिलीज़ हो गया है। कवि अजय साहब द्वारा लिखित गाना लफ्ज भीगे हैं को प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी आवाज दी है। इस रचना का मूल उस एकतरफा प्यार की कहानी से लिया गया है जो साहित्यिक दिग्गज अमृता प्रीतम और शायर साहिर लुधियानवी के जीवन से जुड़ा हुआ था। पाराशेर बरुआ निर्देशित इस म्यूजिक वीडियो में प्राची देसाई और सोम चट्टोपाध्याय नजर आ रहे हैं। इस गाने को पांडिचेरी और मुंबई के बैकड्रॉप में शूट किया गया है। गाने के संगीतकार राजेश सिंह हैं जबकि निर्माता पारस नाथ हैं।

## शाहरूख खान की फिल्म जवान का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म जवान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जवान को लेकर चर्चा में है। एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक राजा था, एक के बाद एक जंग हारता गया... इस नरेशन के साथ शुरू होता है शाहरुख खान की ह्यजवानह्ण का ट्रेलर। ट्रेलर में विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, सुनील ग्रोवर से लेकर रिद्धि डोगरा तक की झलक देखने को मिलती है।ह्लजवानह्ण के ट्रेलर में शाहरुख खान के विलेन के किरदार से शुरुआत होती है, जो मुंबई में एक मेट्रो को हाइजैक कर लेते हैं। शाहरुख खान ह्यजवानह्ण के ट्रेलर में खतरनाक एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म जवान' गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है। यह फिल्म 07 सितंबर, 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### शिवराज ने जन प्रतिनिधियों के साथ लगाए पौधे

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के बीच आज यहां जन प्रतिनिधियों के साथ पौधे लगाए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने यहां श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, मौल और गुलमोहर के पौधे रोपे। इस अवसर पर महापौर मालती राय और पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### इसरो ने बताया, क्यों है सूर्य का अध्यनन करना जरूरी

**चेन्नई :** भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) आने वाले दिनों में प्रक्षेपण यान पीएसएलवी के जरिए आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण करने वाला है, जो सूर्य के अध्ययन की दिशा में इसरो का पहला सूर्य अन्वेषी मिशन है। इसरो ने बताया कि आकाश गंगा में मौजूद विभिन्न तारों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सूर्य का अध्ययन जरूरी है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि सूर्य सबसे नजदीक का ग्रह है, इसलिए अन्य तारों की तुलना में सूर्य का अध्ययन अधिक विस्तार से किया जा सकता है।

### शिवपुरी के तीन आदतन अपराधी जिलाबदर

**शिवपुरी:** मध्यप्रदेश के शिवपुरी के जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर वीरेंद्र कुमार चौधरी ने शिवपुरी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के तीन कुख्यात आदतन अपराधियों को आज जिले से जिला बदर किए जाने के आदेश दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कलेक्टर श्री चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया की अनुशंसा पर जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के मनप्रीत सरदार पिछोर थाना क्षेत्र के संजीव लोधी एवं इंदार थाना क्षेत्र के बृजेश यादव को शिवपुरी जिला एवं आसपास के जिलों की सीमा से जिला बदर किया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### इंडिया गठबंधन का आम चुनाव 2024 मिलकर लड़ने का संकल्प

**मुंबई/ नयी दिल्ली:** देश के 26 विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलाएंस (इंडिया) ने मुंबई में दो दिन तक चली बैठक के अंतिम दिन शुक्रवार को संयुक्त संकल्प जारी किया जिसमें कहा गया है कि संगठन में शामिल सभी पार्टियां 2024 का लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगी। आम चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन ने प्रस्ताव पारित कर जो संकल्प लिया है उसमें कहा गया है,''हम, इंडिया गठबंधन के सभी दल, आगामी लोकसभा चुनाव जहां तक ??संभव हो, मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं। विभिन्न राज्यों में सीटों के बंटवारे का काम जल्द शुरु कर दिया जाएगा और परस्पर सहयोग के भाव से इस काम को यथाशीघ्र समाप्त कर दिया जाएगा।'' गठबंधन ने आम चुनाव के लिए रैलियों और जन सभाओं को लेकर संकल्प लेते हुए कहा, ''हम, इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल जनता से जुड़ी समस्याओं और महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जल्द से जल्द देश के विभिन्न हिस्सों में जनसभाएं और रैलियां आयोजित करने का भी संकल्प लेते हैं।

### भाजपा का 18 साल का हिसाब करने को तैयार है जनता :कमलनाथ

**भोपाल:** 01 सितंबर (वार्ता) वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने आज फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मध्यप्रदेश में इस दल की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की जनता भाजपा सरकार का 18 साल का हिसाब किताब करने को तैयार बैठी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि भाजपा का असली रिपोर्ट कार्ड अब जारी हुआ है।

---

**परमाणु बिजली** 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्र ने पूरी क्षमता से परिचालन शुरू कर दिया है

# स्वदेशी तकनीक से तैयार परमाणु बिजलीघर में उत्पादन

- मोदी ने एक्स पर कहा, भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है
- केएपीपी 4 में विभिन्न कमीशनिंग गतिविधियां चल रही थीं

**राष्ट्रीय खबर**



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि गुजरात के काकरापार में भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्र ने पूरी क्षमता से परिचालन शुरू कर दिया है। काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना (केएपीपी) के रिएक्टर ने 30 जून को वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया था, लेकिन अब तक यह अपनी 90 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रहा था। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है। गुजरात में पहला सबसे बड़ा स्वदेशी 700 मेगावाट काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र यूनिट -3 पूरी क्षमता से परिचालन शुरू करता है। हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) काकरापार में 700 मेगावाट के दो दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) का निर्माण कर रहा है, जो 220 मेगावाट के दो बिजली संयंत्रों का भी घर है। अधिकारियों के अनुसार, केएपीपी 4 में विभिन्न कमीशनिंग गतिविधियाँ चल रही थीं, जिसने जुलाई तक 97.56 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली थी। एनपीसीआईएल ने देश भर में 16 700 मेगावाट पीएचडब्ल्यूआर बनाने की योजना बनाई है और इसके लिए वित्तीय और प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। राजस्थान के रावतभाटा (आरएपीएस 7 और 8) और हरियाणा के गोरखपुर (जीएचएवीपी 1 और 2) में 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण चल रहा है। इनके बारे में कहा जाता है कि यह पर्यावरण संबंधी वर्तमान चुनौतियों के लिए भी बड़ी राहत हैं क्योंकि वे प्रदूषणमुक्त ऊर्जा का उत्पादन करते हैं। भारत सरकार ने चार स्थानों - हरियाणा में गोरखपुर, मध्य प्रदेश में चुटका, राजस्थान में माही बांसवाड़ा और कर्नाटक में कैगा - में बेड़े मोड में 10 स्वदेशी रूप से विकसित पीएचडब्ल्यूआर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इनके जरिए पारंपरिक बिजली उत्पादन संयंत्रों से होने वाले प्रदूषण को भी क्रमवार तरीके से कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक देश-एक चुनाव संविधान संशोधन का विषय : कमलनाथ



**एजेंसियां**

**नीमच:** देश में एक देश-एक चुनाव की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि ये संविधान संशोधन का विषय है और इसमें राज्यों की अनुमति भी आवश्यक होगी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि ये संविधान संशोधन का विषय है। इसे केवल लोकसभा और राज्यसभा में पास होना पर्याप्त नहीं, इसमें राज्यों की अनुमति भी आवश्यक होगी। आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की पहली सूची जल्द ही जारी होगी, परंतु पार्टी को जिसे इशारा करना था, वह कर दिया गया है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सावन में 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 500 रुपए में सिलेंडर देने की बात की थी। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनकी ( कमलनाथ की) मांग पर कुछ तो एक्शन लिया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कई नेता उनके संपर्क में हैं। कांग्रेस का स्थानीय संगठन अगर राजी होगा तभी भाजपा के लोगों को कांग्रेस में प्रवेश दिया जाएगा।

## नोमुरा ने एनपीपी से जारी पानी को 'दूषित' बताने को लेकर मांगी माफी



**एजेंसियां**

**टोक्यो:** जापान के कृषि मंत्री टेतसुरो नोमुरा ने शुक्रवार को देश में गंभीर प्रतिक्रिया के बीच क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु बिजली घर (एनपीपी) से निकलने वाले पानी को 'दूषित' बताने के लिए माफी मांगी है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ गुरुवार को एक बैठक के बाद, नोमुरा ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने 'दूषित पानी' के आकलन पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया। उनकी टिप्पणी से जापान के विपक्ष में नाराजगी फैल गई। किशिदा ने कहा कि मंत्री ने गलती से इस शब्द का इस्तेमाल किया, लेकिन फिर भी उन्होंने नोमुरा से 'माफी मांगने और अपने शब्द वापस लेने का आग्रह किया।' जिसके बाद, नोमुरा ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं फुकुशिमा के सभी लोगों से उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगता हूं और 'शोधित पानी' को 'दूषित' बताने वाली टिप्पणी को वापस लेता हूं।'' गौरतलब है कि जापान ने 24 अगस्त को फुकुशिमा एनपीपी से 'शोधित जल' को प्रशांत महासागर में फेंकना शुरू कर दिया है। फुकुशिमा एनपीपी से प्रशांत सागर में पानी छोड़ने को लेकर चीन सहित अन्य देशों ने कड़ा विरोध जताया और इस पानी को 'दूषित' कहा।

जब जापान ने चीन की बात को अनसुना करके, पानी को लगातार समुद्र में छोड़ते रहे, तब चीन ने समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। जिसके बाद, टोक्यो अपने समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात पर पाबंदी लगाने की चीन की कार्रवाई का मुकाबला विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत करेगा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा है कि शोधित अपशिष्ट जल का लोगों और पर्यावरण पर रेडियोलॉजिकल प्रभाव पड़ेगा।

## गहलोत पीआईएल दाखिल होने के बाद अपने बयान से पलट रहे हैं: शेखावत



**एजेंसियां**

**जयपुर :** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पीआईएल दाखिल होने के बाद डर के मारे अब अपने बयान से पलट रहे हैं। शेखावत ने गहलोत के अपने बयान पर सफाई देने के बाद सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने कहा गहलोत जी निजी राय क्या होती है। न्यायपालिका पर गंभीर आरोप लगा देने के बाद आपने कह दिया यह आपकी निजी राय नहीं है, तो यह किसकी राय है। किसने आपको बताया कि वकील फैसला लिखकर ले जाते हैं और जज वही सुना देते हैं। उन्होंने कहा पीआईएल दाखिल होने के बाद डर के मारे आज आप बयान से पलट रहे हैं जबकि सच यही है कि यह आपकी निजी राय है। आपने जनता और न्यायपालिका के बीच विश्वास के रिश्ते को तोड़ने का दांव खेला है। शेखावत ने आरोप लगाते हुए कहा आप शातिर राजनीतिक खिलाड़ी हैं, जानबूझकर आपने एक विवाद पैदा करने की कोशिश की है, जिसके पीछे कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति और जमानत पर चल रहे हुए ह्यआकाओं का अपरोक्ष बचाव है।उल्लेखनीय है कि बुधवार को गहलोत ने मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा था कि अदालतों में इतना भ्रष्टाचार है कि कोर्ट के फैसले वकील लिखकर लाते हैं और वही सुना दिए जाते हैं। हालांकि गहलोत ने गुरुवार को इस पर सफाई देते हुए कहा कि यह उनकी निजी राय नहीं है। गहलोत के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बयान को लेकर एक पीआईएल भी दायर की गई हैं।

## नासा के मंगल हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 56 उड़ानें पूरी की

**एजेंसियां**



**लॉस एंजिल्स:** नासा के मंगल हेलीकॉप्टर ने लाल ग्रह पर अपनी 56 उड़ानें पूरी कर ली। यह जानकारी एजेंसी ने गुरुवार को दी। नासा के अनुसार, मंगल हेलीकॉप्टर ने 25 अगस्त को अपनी 56वीं उड़ान शुरु की थी, जिसमें वह 12 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचा और 141 सेकंड में 410 मीटर की यात्रा की। इंजेनुइटी नामक यह हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर पर पहुंचा था, जो नासा के पर्सिवरेंस रोवर से जुड़ा हुआ था। यह हेलीकॉप्टर एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है, जिसे किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए पहली बार डिजाइन किया गया है। नासा के अनुसार, हेलीकॉप्टर को 90 सेकंड तक उड़ान भरने, एक समय में लगभग 300 मीटर की दूरी तक करने और जमीन से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी तक उडने के लिए डिज़ाइन किया गया था। नासा के अनुसार, अब तक, इस हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 100.2 उड़ान मिनट पूरा किया है, 12.9 किलोमीटर की दूरी तय की है और 18 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचा है।

**प्रदर्शन** कावेरी जल विवाद में अब कर्नाटक के किसान भी मैदान में

# मोमबत्ती जलाकर रात भर किसानों ने धरना दिया

- कर्नाटक 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को 5000 क्यूसेक पानी छोड़े
- निर्दलीय विधायक दर्शन पुत्तनैया विरोध में शामिल हो गए हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**बेंगलुरुः** कर्नाटक में किसानों का एक समूह तमिलनाडु को कावेरी जल छोड़े जाने के आदेश के विरोध में रात भर मोमबत्ती की रोशनी में धरना दे रहा है। श्रीरंगपट्टनम के पास मांड्या में विरोध प्रदर्शन आज सुबह शुरू हुआ। उनकी आपत्ति कावेरी जल विनियमन समिति की उस सिफारिश पर है कि कर्नाटक 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को 5000 क्यूसेक पानी छोड़े। कांग्रेस समर्थित निर्दलीय विधायक दर्शन पुत्तनैया विरोध में शामिल हो गए हैं। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कावेरी जल मुद्दे पर चर्चा के लिए कल दिल्ली जाने की योजना बनाई है। तमिलनाडु सुप्रीम कोर्ट गया है, जो कर्नाटक को पानी छोड़ने का निर्देश देने की राज्य की याचिका पर सुनवाई करेगा। कर्नाटक ने एक हलफनामा दायर कर दावा किया है कि ट्रिब्यूनल का आदेश इस धारणा पर आधारित था कि राज्य में यह सामान्य मानसून था, जो कि नहीं था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि राज्य पानी छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता, क्योंकि इससे जलाशय खाली हो जाएंगे और पीने के पानी की कमी हो जाएगी। मैं अपनी कानूनी टीम से मिलने के लिए कल दिल्ली जा रहा हूं। सुनवाई (कावेरी जल पर तमिलनाडु की याचिका पर) शुक्रवार को होगी। तमिलनाडु द्वारा 24-25 टीएमसी की मांग के बाद हमारे विभाग के अधिकारियों ने बहुत अच्छी तरह से तर्क दिया है। हमने कहा कि हम 3,000 क्यूसेक दे सकते हैं, श्री शिवकुमार ने यह कहते हुए समस्या की गंभीरता को उद्धत किया था। हम इस बात पर चर्चा करेंगे कि अदालत को राज्य की स्थिति समझाकर हम (तमिलनाडु को छोड़े जाने वाले पानी को) कितना कम कर सकते हैं। हम नहीं चाहते कि चाबियां किसी और को सौंपी जाएं। फिलहाल चाबियां हमारे पास हैं , और हमें अपने किसानों की सुरक्षा करनी होगी, उन्होंने कहा। दोनों दक्षिणी राज्यों के बीच कावेरी जल को लेकर दशकों से विवाद चला आ रहा है। 1990 में, केंद्र ने उनके बीच निर्णय लेने के लिए कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया।

---

## न्यूज फटाफट

### ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य ने सड़क सुरक्षा चेतावनी की जारी

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलियाई राज्य विक्टोरिया में पुलिस ने शुक्रवार को वसंत ऋतु से पहले मोटर चालकों के लिए तत्काल सड़क सुरक्षा चेतावनी जारी की। यह घोषणा गुरुवार की सुबह एक घातक ट्रक टक्कर के बाद हुई, जिसमें पूर्वोत्तर विक्टोरिया के चिल्टर्न में वेंकेस रोड के चौराहे पर 'ूम हाईवे पर चार लोगों की मौत हो गई। विक्टोरिया पुलिस के आंकड़ों से पता चला है कि राज्य में इस साल अब तक 197 लोगों की जानें गई हैं, जो कि पिछले साल की इसी मौसम के दौरान की तुलना में 40 अधिक मौतें हैं। प्राधिकरण ने कहा,''वसंत के समय में जब कई मोटरसाइकिल चालक सड़क पर दीखते हैं, इसलिए पुलिस सभी सवारों से सतर्क रहने का आग्रह कर रही है।

### हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओला का आठ नंबर संकेत किया जारी किया

**हांगकांग:** हांगकांग वेधशाला ने शुक्रवार सुबह शक्तिशाली तूफान साओला के प्रभाव के मद्देनजर आठ नंबर का उत्तर-पश्चिम गेल या फिर तूफान का संकेत जारी किया। हांगकांग की मौसम प्रणाली के तहत नंबर 8 का संकेत तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी है, जिसमें आमतौर पर तूफान के लिए पांच रैंकिंग हैं। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम की ओर से 63 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा की गति से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। तूफान के कारण हांगकांग में कई सार्वजनिक सेवाएं और गतिविधियां बंद कर दी गई है। इसके अलावा सभी स्कूलें बंद हैं और हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज ने कामकाज बंद कर दिया है। तूफान के कारण हांगकांग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और हांगकांग डिज़्नीलैंड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह 10 बजे (0200 जीएमटी) तूफान साओला हांगकांग से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। इसका दक्षिण-पूर्व चीन में पर्ल रिवर एस्चुरी के आसपास के क्षेत्रों की ओर लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है।

### फिलीपींस में शक्तिशाली तूफान, साढ़े तीन लाख से अधिक लोग विस्थापित

**मनीला:** फिलीपींस में शक्तिशाली तूफान साओला से अचानक आयी बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 3,87,242 लोग विस्थापित हो गए हैं। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने बताया कि 21 हजार से अधिक लोग अभी भी अस्थायी आश्रय गृहों में हैं। शक्तिशाली तूफान साओला पिछले रविवार विकराल रूप में बदल गया, जिससे मुख्य लुजोन द्वीप और मध्य फिलीपींस में भारी बारिश और तेज़ हवाएँ चलीं। इस सप्ताह साओला तूफान के देश को पार करने बाद से भारी बारिश जारी है और मेट्रो मनीला सहित कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। इस बीच, राज्य मौसम ब्यूरो ने कहा कि गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान हाइकुई दक्षिण-पश्चिम मानसून को बढ़ा रहा है और सप्ताहांत में और अधिक बारिश होने की धमकी दे रहा है। मौसम विभाग ने आखिरी बार हाइकुई तूफान को बटानेस प्रांत से 785 किमी उत्तर-पूर्व में देखा था। हवाएं 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर चल रही है। तूफान के सक्रिय होने पर 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं जो पहले 150 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं।

### सऊदी सैन्य इकाई बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास के लिए मिस्र पहुंचीं

**रियाद:** सऊदी अरब की सैन्य इकाई एक बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में शामिल होने के लिए गुरुवार को मिस्र पहुची। यह जानकारी सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने दी। मिस्र डेली न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, भूमध्य सागर में मोहम्मद नागुइब सैन्य अड्डे पर गुरुवार को शुरू हुआ ह्यब्राइट स्टार सैन्य अभ्यासह्ण 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें 34 देशों के 8,000 सैनिक हिस्सा लेंगे। मिस्र की मीडिया आउटलेट ने कहा कि इस अभ्यास में जमीनी सैन्य बल, पैदल सेना, तोपखाना इकाइयां, नौसेना, वायु सेना और विशेष अभियान बल शामिल हैं। एसपीए ने सऊदी सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण एवं विकास प्राधिकरण के प्रमुख अदेल अल-बालावी के हवाले से कहा कि यह अभ्यास इसमें शामिल देशों को अपनो अनुभवों का आदान-प्रदान करने और संयुक्त अभियानों का समन्वय करने का अवसर प्रदान करता है। ब्राइट स्टार बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास की शुरुआत 1980 में मिस्र और इजरायल के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाली शांति संधि के भाग के रूप में हुई थी।

### आज का इतिहास

- 1573 : अकबर ने गुजरात को फतह किया।
- 1666 : लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हजार इमारतें नष्ट हो गयी।
- 1775 : पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जार्ज वाशिंगटन ने जलावतरण किया।
- 1989 : अमेरिका में राजस्व विभाग बनाया गया।
- 1926 : इटली और यमन के बीच हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ।
- 1930 : 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी।
- 1945 : जापान के हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ।
- 1945 : हो ची मिन्ही ने स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की।
- 1946 : जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन।
- 1956 : हैदराबाद से 100 किलोमीटर दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच पुल ढहने से 125 लोगों की मौत।
- 1962 : सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ।
- 1969 : अमेरिका के न्यूयॉर्क में पैसे निकालने वाली मशीन ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया गया।
- 1970 : कन्याकुमारी में विवेकानन्द स्मारक का उद्घाटन हुआ।
- 1990 : काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्रियों की मौत।
- 1992 : अमेरिका और रूस अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए संयुक्त उपक्रम बनाने पर सहमत हुए।
- 1996 : मुस्लिम विद्रोहियों और फिलीपींस सरकार ने 26 वर्षों से जारी विद्रोह को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए।
- 1998 : डरबन में 12वें गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन का अफ्रीकी राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला द्वारा उद्घाटन।
- 1999 : भारतीय तैराक बुला चौधरी इंग्लिश चैनल दो बार पार करने वाली प्रथम एशियाई महिला बनीं।
- 2000 : मैनहट्टन परियोजना में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक जॉन सिम्पसन का निधन, अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय प्रक्षेपास्त्र प्रणाली की तैनाती की योजना स्थगित।
- 2001 : विश्व में पहला हृदय प्रत्यारोपण करने वाले दक्षिण अफ्रीका के हृदय विशेषज्ञ क्रिश्चियन बर्नार्ड का साइप्रस में निधन, उहोंने 1967 में विश्व का पहला हृदय प्रत्यारोपण किया था।
- 2006 : पश्चिमी ईराक में तीन भारतीयों और 11 पाकिस्तानों की अपहरण के बाद हत्या।
- 2007 : अल्बानिया विश्व का पहला रासायनिक हथियार युक्त राष्ट्र बना।
- 2009 : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. रेड्डी को ले जा रहा हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के बाद लापता हुआ।

## ईडी ने भरत, राजेश और विष्णु के खिलाफ दायर किया पीसी

रांची : लैंड स्कैम के आरोपी भरत प्रसाद, राजेश राय और विष्णु अग्रवाल के खिलाफ ईडी ने पीसी (प्रोसिक्यूशन कंप्लेन) दाखिल कर दी है। शुक्रवार को ईडी ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) के विशेष कोर्ट में सैंकड़ों पन्नों की पीसी दाखिल की है। जिसमें यह जानकारी दी गयी है कि करोड़ों रुपये के लैंड स्कैम को कैसे अंजाम दिया गया है और इस पूरे प्रकरण में किसकी क्या भूमिका है।

घोटाला

### भू-माफियाओं के पक्ष में फर्जी तरीके से हुआ था म्यूटेशन

# ईडी ने अटैच की 161.64 करोड़ की संपत्ति

- माफिया द्वारा अवैध तरीके से जमीन का मालिकाना हक बदलने का बड़ा गोरखधंधा चल रहा है
- ईडी ने पहले इस मामले में 41 छापेमारी और पांच सर्वेक्षण किये थे

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ने रांची जमीन घोटाला मामले में 161.64 करोड़ रुपये की संपति अटैच की है। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार को की है। इस दौरान रांची में चेशायर होम रोड, पुगरू और सिरमटोली में 161.64 करोड़ रुपये कीमत की तीन भूखंड को ईडी ने अटैच किया है। ईडी की ओर से बताया गया कि भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से भू-माफियाओं के पक्ष में फर्जी तरीके से इन तीनों भू-खंडों का म्यूटेशन किया गया है। ईडी ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रदीप बागची, बिष्णु कुमार अग्रवाल, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य के खिलाफ झारखंड पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर तीनों भूमि घोटाले मामलों में जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला है कि झारखंड में माफिया द्वारा अवैध तरीके से जमीन का मालिकाना हक बदलने का बड़ा गोरखधंधा चल रहा है। ये आपराधिक तत्व कोलकाता और रांची में विरासती रिकॉर्ड बनाने का काम करते थे।ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि बेईमान सरकारी अधिकारियों द्वारा भू-माफिया को लाभ पहुंचाने के लिए भूमि के स्वामित्व रिकॉर्ड भी फर्जी बनाए गए हैं। इसके बाद, जाली भूमि अभिलेखों के आधार पर ऐसे भूमि अन्य व्यक्तियों को बेच दिए जाते हैं। ईडी ने पहले इस मामले में 41 छापेमारी और पांच सर्वेक्षण किये थे। इस दौरान विभिन्न साक्ष्य जैसे कि भूमि राजस्व विभाग की जाली मुहरें, जाली भूमि दस्तावेज, उनके बीच अपराध की आय के वितरण के रिकॉर्ड, जालसाजी की तस्वीरें, सरकार को रिश्वत देने के सबूत को जब्त कर लिया था। इससे पहले, ईडी ने करोड़ों रुपये मूल्य के तीन भूमि को अस्थायी रूप से जब्त किया था।जमीन घोटाले मामले में ईडी अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें प्रदीप बागची, अफसर अली, सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज खान, भानु प्रताप प्रसाद, छवि रंजन, आईएएस (पूर्व डीसी रांची), दिलीप कुमार घोष, अमित कुमार अग्रवाल, बिष्णु कुमार अग्रवाल, राजेश राय, भरत प्रसाद और प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है, और फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में हैं।

# ओरमांझी के ट्रिपल मर्डर में आठ गिरफ्तार



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** राजधानी रांची से महज 20 किमी की दूर ओरमांझी में कल तीन लोगों की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस इस हत्याकांड के बाद हरकत में आयी और अबतक 11 आरोपियों में से 8 को गिरफ्तार कर लिया है। अबतक जिन लोगों के नाम सामने आये हैं उनमें सहजनाथ, रज्जो देवी, रंजीत बेदिया, हेमंत बेदिया, संचित बेदिया, और महेंद्र बेदिया शामिल है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस इस मामले में अभी तीन और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। खेत में लगी फसल को लेकर शुरू हुआ विवाद हत्या तक पहुंच गया। यह घटना ओरमांझी थाना क्षेत्र के गूंजा देवनजारा टोला की है। यहां आपसी विवाद में दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या कर दी गयी है। गुरुवार की दोपहर दो परिवारों के बीच हुए आपसी विवाद में तीन लोगों की हत्या लाठी डंडा और दाऊली से मारकर की गई है। वहीं आगे की जांच में स्थानीय पुलिस जुट गई है। आपसी विवाद का मर्डर में तब्दील हो जाने की घटना आसपास में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस हत्याकांड के पीछे की वजह जानवरों द्वारा फसल चर जाना है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जनेश्वर बेदिया के खेत में फसल लगा हुआ है। उनके गोतिया के यहां सूअर है। इन्हीं सूअरों ने फसल बर्बाद कर दिया था। इसी को लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। बातचीत के साथ शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला शुरू कर दिया। इसी बीच आपसी विवाद में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

## सीबीआई कोर्ट ने दोषियों को दी चार साल की सजा

रांची : डोरंडा कोषागार से 36.26 करोड़ की अवैध निकासी से जुड़े मामले में दोषियों के खिलाफ सजा का एलान कर दिया गया है। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव ने ज्यादातर दोषियों को चार-चार साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।अदालत ने जिन दोषियों को चार साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है उनमें जगमोहन कक्कड़, मो तौहीद, आर आर सहाय, अरुण वर्मा, एस के मेहरा, ,रामा शंकर सिंह, गौरी शंकर प्रसाद , जुनूल भेंगराज और रवींद्र कुमार सिंह समेत 30 से ज्यादा लोग शामिल हैं। दोषियों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। अधिकतम जुमार्ना एक करोड़ लगाया गया है।

# ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को भेजा तीसरा समन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार को तीसरा समन भेजा है। ईडी ने सीएम को समन भेजकर कर पूछताछ के लिए नौ सितंबर को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। हालांकि इसकी अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि रांची जमीन घोटाला में ईडी ने पहली बार समन जारी कर हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। उस दिन भी वह ईडी दफ्तर नहीं पहुंचे थे और एक कर्मचारी के जरिए एक पत्र भेजा था। जिसके बाद ईडी ने सीएम को समन भेजकर 24 अगस्त को उपस्थित होने को कहा था। इस बार भी सीएम हेमंत सोरेन गुरुवार को ईडी के रांची जोनल आफिस में उपस्थित नहीं हुए थे। दिन के सवा एक बजे उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के एक कर्मचारी सूरज के जरिए एक पत्र ईडी के सहायक निदेशक को भेजा था। इस पत्र के साथ उन्होंने ईडी को जानकारी दी थी कि उन्होंने समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर किया है। सुप्रीम कोर्ट में फैसला आने तक सीएम ने ईडी से पूछताछ नहीं करने की बात कही थी।सीएम ने समन को राजनीति से प्रेरित बताते हुए जांच एजेंसी पर कई आरोप लगाए थे।

पहले समन पर सीएम की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया था कि लोकपाल, सीबीआई और ईडी को अपनी और अपने परिवार की संपत्ति से जुड़ी सभी जानकारी दे दी है। ईडी चाहे तो वह इन एजेंसियों से दस्तावेज ले सकती है।

दोबारा या अन्य जानकारी मांगने पर वह उपलब्ध करा सकते हैं। सीएम ने पत्र में यह भी कहा था कि केंद्रीय एजेंसियां पिछले एक साल से अधिक समय से सीएम को केवल इसलिए निशाना बना रही हैं, क्योंकि वह उस दल के साथ नहीं हैं जो केंद्र की सत्ता में है। ईडी ने उन्हें कथित अवैध खनन से जोड़ने के लिए 17 नवंबर 2022 को तलब किया था। सीएम ने ईडी की मांग पर उनके और उनके परिवार के स्वामित्व वाली सभी संपत्तियों का विवरण 30 नवंबर 2022 को ही दे दिया है। अगर यह खो गया है, तो दोबारा मांगे जाने पर दे देंगे।

# शिबू सोरेन के लोकपाल मामले में सुनवाई 18 को

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिबू सोरेन की ओर से रिजवाइंडर दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। जिसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसे कोर्ट ने 18 सितंबर तक विस्तार दिया है। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई। शिबू सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल पक्ष रख रही हैं। वहीं लोकपाल की ओर से एसजीआई (सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इण्डिया) तुषार मेहता पक्ष रख रहे हैं।




# विवेकानंद विद्या मंदिर में दो महीने में हो चुनाव




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट ने सेवानिवृत न्यायाधीश एनएन तिवारी को विवेकानंद विद्या मंदिर में दो महीने में चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि चुनाव के बाद जब तक नई कमेटी का गठन नहीं हो जाता, तब तक सेवानिवृत न्यायाधीश एनएन तिवारी स्कूल प्रशासक की भूमिका में रहेंगे। इस संबंध में निवर्तमान सचिव और झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता अभय मिश्रा ने याचिका दाखिल की थी। याचिका में उन्होंने मांग की थी कि सुकृत भट्टाचार्य ने झूठा शपथ पत्र देकर स्कूल कमेटी में संशोधन अपने नाम पर करवा लिया था, जो पूरी तरह से गलत है। अदालत ने अभय मिश्रा की याचिका को स्वीकार कर लिया है। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर के कोर्ट में हुई। अभय मिश्रा की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने पक्ष रखा। सुकृत भट्टाचार्य की ओर से अधिवक्ता महेश तिवारी ने बहस की। स्कूल के पूर्व अध्यक्ष आरडी भट्टाचार्य ने भी याचिका दाखिल कर कहा था कि सुकृत भट्टाचार्य ने गलत शपथ पत्र देकर स्कूल का प्रभार लिया था। इस याचिका को भी अदालत ने स्वीकार कर लिया है। ज्ञात हो कि अधिवक्ता अभय मिश्रा ने याचिका दाखिल कर सुक़त भट्टाचार्य ने झुठा शपथ पत्र देकर स्कूल कमेटी में संशोधन कर अपना नाम से करवा लिया था,यह पूरी तरह गलत है। इसके बाद अदालत ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया। इसकी सुनवाई के बाद न्यायालय में श्री मिश्र की ओर अधिवक्ता अजित कुमार ने पक्ष रखा।

## चलती मोटरसाइकिल में आग लगी

**रांची:** सदर थाना क्षेत्र के इमाम कोठी के समीप सड़क पर चलती बाइक में अचानक आग लग गई। हालांकि घटना में दो बाइक सवार बाल बाल बच गए। घटना गुरुवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से पल्सर 200 सीसी बाइक में अचानक आग से बाइक जलकर खाक हो गया। इसमें बाइक सवार दोनों भाई बाल-बाल बच गये। बताया जा रहा है कि छोटा मुरी (सिल्ली) निवासी करण मुंडा और देव मुंडा (दोनों भाई) बाइक से बूटी मोड़ से कोकर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक में आग लग गयी। घटना के बाद आग पर काबू पाने के लिए दोनों भाई और स्थानीय लोग ने कोशिश की, लेकिन बाइक के टंकी में पेट्रोल होने से गाड़ी में आग तेजी से फैल गयी।

मनमानी

### माल महाराज का और मिर्जा खेले होली के तर्ज पर झारखंड क्रिकेट

# वेतन पुलिस विभाग से और सक्रिय काउंटी क्लब में

- वेतन सरकार से और काम अपना
- एसोसियेशन पर पकड़ रखने की चाल
- सरकारी स्तर पर कौन दे रहा है संरक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अमिताभ चौधरी के दिवंगत होने के बाद भी उनके समय झारखंड क्रिकेट एसोसियेशन के सदस्य बनाये गये अनेक पुलिस कर्मी आज भी मौज कर रहे हैं। इस दौरान जो सेवानिवृत्त हो गये, उनकी बात छोड़ दें तो वर्तमान में सेवारत कई लोगों की प्राथमिक जिम्मेदारी झारखंड क्रिकेट एसोसियेशन में देखने को मिलती है। वैसे यह अलग बात है कि स्वर्गीय चौधरी के जाने के बाद वहां की गंदगी धीरे धीरे बाहर आ रही है क्योंकि उनके नीचे काम करने वाले जो चुप्पी साधे रहते थे, अब निजी महत्वाकांक्षा को लेकर आपस में टकरा रहे हैं। इस क्रम में सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से ही आम लोगों का ध्यान इस तरफ गया है। मिली जानकारी के मुताबिक हाल के दिनों में एक मामले में चर्चा में आये एक पुलिस कर्मी का नाम पहले भी एक दूसरे पारिवारिक मामले में आ चुका था। ऐसे लोगों के खिलाफ विभागीय स्तर पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह जनता के लिए अचरज का विषय है। कई जिला संघों में गलत तरीके से धन की निकासी की सूचनाएं भी बाहर आ चुकी हैं। लेकिन असली मुद्दा उन लोगों का है, जो वेतन तो झारखंड पुलिस का लेते हैं पर या तो अपने पदस्थापना वाले जिला में मौजूद नहीं रहते अथवा चंद दिनों के लिए वहां चेहरा दिखाने जाते हैं।

इनमें से एक मनोज कुमार का नाम हाल के दिनों में चर्चा में अधिक आया है। वैसे यह बता देना प्रासंगिक होगा कि झारखंड क्रिकेट एसोसियेशन पर अपना कब्जा कायम रखने के लिए पुलिस सेवा में रहते हुए अमिताभ चौधरी ने अनेक पुलिस वालों को झारखंड क्रिकेट एसोसियेशन का सदस्य बना दिया था। इतने सारे वोट अपने पाले में करने की वजह से ही वह तत्कालीन खेल मंत्री सुदेश महतो को इस एसोसियेशन के चुनाव में पराजित करने में सफल हुए थे। वैसे झारखंड क्रिकेट एसोसियेशन के लाइफ मेंम्बरों की सूची से इसकी पुष्टि की जा सकती है। जिसमें कितने पुलिस अधिकारी है, उससे स्थिति साफ होती है। उसके बाद से एसोसियेशन के संविधान में मनमाना ढंग से बदलाव इसलिए किये गये ताकि चौधरी की कुर्सी कायम रहे। अब उनके दिवंगत होने के बाद ही गड़े मुर्दे फिर से उखाड़े जा रहे हैं। जहां तक मनोज कुमार के बारे में जानकारी सामने आयी है, उसके मुताबिक वह पुलिस विभाग में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। वह वर्तमान में बोकारो पुलिस में पदस्थापित है। वहां से वेतन लेने के बाद भी वह लगातार अपने कार्य के अनुपस्थित रहते हैं क्योंकि उन्हें जेएससीए स्टेडियम और वहां स्वर्गीय अमिताभ चौधरी द्वारा स्थापित काउंट क्लब में ही देखा जाता है।

एक पुलिस अधिकारी लगातार अपने कार्य के अनुपस्थित रहते हुए भी वेतन का लाभ पा रहा है जबकि वह किसी निजी संस्था में हर दिन कार्यरत है, यह झारखंड पुलिस के लिए एक बड़ा सवाल है। झारखंड क्रिकेट की गंदगी साफ करने के लिए पहले झारखंड पुलिस के उन लोगों पर जांच और कार्रवाई जरूरी है, जो सरकार से वेतन लेने के बाद भी क्रिकेट की राजनीति में अधिक ध्यान दे रहे हैं। इन अधिकारियों को संरक्षण मिलने के पीछे दरअसल किसका हाथ है, यह अब बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है क्योंकि हर स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायतें अब आम होने लगी हैं।